www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 102.705g
चांदी 113,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 सुनिश्चित हो संवैधानिक दायित्व की पूर्ति

बाढ़ प्रभावित गांवों का विधायक ने किया दौरा 04

वर्ष :09 | अंक :47 | मुंबई ,गुरूवार ,07 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## पश्चिम बंगाल में बारिश जारी रहने की संभावना: मौसम विभाग

पश्चिम बंगाल में सक्रिय मानसूनी ट्रफ और उत्तर बांग्लादेश के ऊपर स्थित उच्च स्तर के चक्रवाती परिसंचरण के कारण पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जैसे उप-हिमालयी जिलों में 12 अगस्त तक भारी बारिश हो सकती है। दक्षिणी पश्चिम बंगाल में उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा नदिया समेत कई जिलों में भी आठ अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि जलपाईगुड़ी जिले के गैरकाटा टी एस्टेट में पिछले 24 घंटों में सुबह साढ़े आठ बजे तक राज्य में सर्वाधिक 120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अन्य स्थानों में भी अच्छी बारिश हुई जिनमें बक्साद्वार और डालगांव टी एस्टेट (80 मिमी), पश्चिम मेदिनीपुर जिले का मोहनपुर (70 मिमी) और दक्षिण 24 परगना जिले का डायमंड हार्बर (60 मिमी) शामिल हैं। कोलकाता में इस अवधि में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशियों को पकड़ा गया


दिल्ली पुलिस ने जुलाई में यहां द्वारका उपनगर में आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी नागरिकों को पकड़कर स्वदेश वापसी के लिए भेज दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिन विदेशियों को पकड़ा गया है उनमें बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा, नाइजीरिया के आठ, आइवरी कोस्ट के तीन, लाइबेरिया के दो और सेनेगल का एक नागरिक है। वे बिना वैध वीजा के अवैध रूप से देश में रह रहे थे और उन्हें द्वारका के विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया गया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा, उन्हें बिना वैध वीजा के भारत में रहते हुए पाया गया। उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनके निर्वासन का आदेश दिया। तदनुसार, उन्हें निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया।

# कर्तव्य भवन केवल इमारत नहीं, सपनों को साकार करने की तपोभूमि है : पीएम मोदी

## पीएम मोदी बोले- बचेंगे किराए के 1500 करोड़ रुपये

र्तव्य भवन-03 का उद्घाटन

▸▸प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार, एक समग्र दृष्टि के साथ भारत के नव-निर्माण में जुटी है। ये तो पहला कर्तव्य भवन पूरा हुआ है, ऐसे कई कर्तव्य भवनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। देश का कोई भी हिस्सा आज विकास की धारा से अछूता नहीं है।



करप्शन पर भारत में सरकारी योजनाओं की डिलिवरी को ट्रांसपेरेंट बनाया गया है। पहले की सरकारें 10 करोड़ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे भेज रही थीं जिनका जन्म ही नहीं हुआ था। ये पैसे बिचौलिए खा रहे थे। इसे बंद किया गया। जिससे 4.20 लाख करोड़ रुपए की चोरी रुक गई। अब ये पैसा देश के काम आ रहा है। सिर्फ करप्शन और लीकेज ही नहीं अनावश्यक नियम कानून देश हित में बाधा थे। हमने 1500 से ज्यादा पुराने कानून समाप्त किए कई कानून अंग्रेजों के जमाने थे जो रोड़ा बने थे।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन किया। बाद में शाम को उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगस्त क्रांति का महीना है और स्वतंत्रता दिवस से पहले, देश आधुनिक बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के पूरा होने के साथ कई ऐतिहासिक मील के पत्थर देख रहा है। उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। अमृतकाल में इन्हीं भवनों में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी, विकसित भारत के महत्वपूर्ण निर्णय होंगे और राष्ट्र की दिशा तय होगी। मोदी ने दावा किया कि हमने बहुत मंथन के बाद कर्तव्य भवन नाम दिया है। कर्तव्य पथ, कर्तव्य भवन हमारे लोकतंत्र की, हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद, देश की प्रशासनिक मशीनरी दशकों तक ब्रिटिश काल में बनी इमारतों में ही चलती रही। इन प्रशासनिक इमारतों में काम करने की स्थिति बहुत खराब थी, जहाँ काम करने वालों के लिए जगह की कमी, रोशनी की कमी और वेंटिलेशन की कमी थी। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं के अभाव के बावजूद एक सदी से भी ज्यादा समय तक इसी इमारत से काम करता रहा।

### मोदी की स्पीच पॉइंट में

- इन्फ्रास्ट्रक्चर पर क्रांति का महीना अगस्त और 15 अगस्त से पहले ये ऐतिहासिक अवसर है। हम एक के बाद एक आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं। दिल्ली में कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, रक्षा भवन, भारत मंडपम, यशो भूमि, नेशनल वॉर ममोरियल, सुभाष चंद्र की प्रतिमा, ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है
- बिल्डिंग रिनोवेशन पर आजादी के बाद देश की एडमिनिस्ट्रेटिव उन बिल्डिंग से चलाई गई जो अंग्रेजों के समय में बनी है। होम मिनिस्ट्री करीब 100 साल से एक ही बिल्डिंग में चल रही थी। अलग अलग मंत्रालय दिल्ली के 50 अलग अलग जगहों से चल रहे हैं।
- आधुनिक भारत पर 21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी की आधुनिक व्यवस्था और इमारतें चाहिए। ऐसी बिल्डिंग जो टेक्नोलाजी और सुविधा के हिसाब से बेहतरीन हों। इसलिए कर्तव्य भवन जैसी विशाल इमारतों का निर्माण किया जा रहा है।

# ट्रम्प धमका रहे, मोदी सामना नहीं कर पा रहे : राहुल गांधी

## अडाणी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच से उनके हाथ बंधे हैं


"उन्होंने कहा था कि भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

एजेंसी

नई दिल्ली , कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, ट्रम्प की धमकियों के सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अडाणी के खिलाफ अमेरिकी जांच चल रही है। ऐसे में मोदी के हाथ बंधे हुए हैं। मोदी का (अडाणी-अंबानी) के साथ क्या संबंध है, यह उजागर हो चुका है। पिछले साल अमेरिका में अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। अमेरिकी अटॉर्नी ऑफिस आरोप पत्र के मुताबिक, अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए थे। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी। इसकी जांच जारी है।

### ट्रम्प के दावों पर राहुल ने पीएम को घेरा

31 जुलाईः राहुल बोले- इंडियन इकोनॉमी मर चुकी, इसे मोदी ने मारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है। 28 जुलाईः राहुल बोले- दम है तो पीएम कहें कि ट्रम्प झूठे लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर दूसरे दिन बहस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- ट्रम्प ने 29 बार कहा है कि हमने युद्ध रुकवाया। अगर दम है तो प्रधानमंत्री यहां सदन में यह बोल दें कि वह झूठ बोल रहे हैं।



### अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को चाईबासा कोर्ट से जमानत मिली

झारखंड के चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2018 में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में जमानत दे दी।

# सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है कांवड़ यात्रा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## 2017 से पहले बरेली में हर तीसरे महीने दंगा होता था, लेकिन आज नाथ कॉरिडोर बरेली की पहचान बना है- मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने बरेली में 2,264 करोड़ की 545 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र
- सीएम योगी ने प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र व टैबलेट

एजेंसी

बरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नाथ नगरी बरेली में ?2264 करोड़ की लागत से जुड़ी 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की तुष्टीकरण की राजनीति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब ा



सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।सीएम योगी ने कांवड़ यात्रा की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों की भावनाओं के वितरीत कांवड़ यात्रा को बदमान करने का कुत्सित प्रयास किया

# हिमाचल- किन्नौर में बाढ़ से 2 श्रद्धालुओं की मौत:किन्नर कैलाश यात्रा रुकी

## आईटीबीपी ने 413 तीर्थयात्रियों को बचाया; उत्तराखंड के पौड़ी में बादल फटा

एजेंसी



पौड़ी, उत्तराखंड

नई दिल्ली, पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार रात से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। किन्नौर जिले में सालाना होने वाली किन्नर कैलाश यात्रा पर गए दो श्रद्धालुओं की बाढ़ में बहने से मौत हो गई। अचानक आई बाढ़ से यात्रा रूट पर दो पुल भी बह गए। बाकी का रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यात्रा रोक दी गई है। कई श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की टीम ने जिपलाइन की मदद से 413 तीर्थयात्रियों को बचाया है। मंगलवार रात चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भी लैंडस्लाइड हुई। सड़कों पर बड़ी-बड़ी चट्टान गिरने से राज्य में 500 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। शिमला, मंडी, सोलन और कुल्लू जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, बाकुंडा गांव में भी बादल फटा, जहां 5 नेपाली मजदूरों के बहने की सूचना है। केरल में बारिश का रेड अलर्ट, कर्नाटक और तमिलनाडु में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने बुधवार को केरल में भी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, कर्नाटक, तमिलनाडु और पुडुचेरी में ऑरेंज अलर्ट और उत्तराखंड-बिहार समेत 20 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है।

## कुबेरेश्वर धाम आए 3 और श्रद्धालुओं की मौत, 3 घायल

### 2 दिन में 5 लोगों की गई जान; कांवड़ यात्रा में 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए



सीहोर, सीहोर में बुधवार को पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए तीन और लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक की मौत धाम में अचानक चक्कर आकर गिरने से हुई है, जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत एक होटल के सामने खड़े-खड़े गिर जाने से हुई है। एक शख्स की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। वहीं एक महिला को अचेत हालत में जिला अस्पताल लाया गया है। जबकि अलग-अलग कारणों से तीन लोग घायल हो गए हैं। चतुर सिंह (उम्र 50 वर्ष) पिता भूरा पांचवल, निवासी गुजरात - बताया जा रहा है कि चतुर सिंह की दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल के पीछे स्थित आनंद होटल के पास अचानक तबीयत बिगड़ गई। वे खड़े-खड़े गिर गए।

# मोहाली फेज 9 में हुई भीषण विस्फोट, दो लोगों की मौत और कई घायल

▸▸पंजाब के मोहाली शहर में बुधवार को एक ऑक्सीजन प्लांट में हुए भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फेज 9 औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लांट में विस्फोट हुआ।



एजेंसी

पंजाब के मोहाली शहर में बुधवार को एक ऑक्सीजन प्लांट में हुए भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फेज 9 औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लांट में विस्फोट हुआ। मोहाली डीसी के अनुसार, सूचना मिलते ही चिकित्सा दल, पुलिस और जिला प्रशासन के कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और बिना किसी देरी के बचाव कार्य शुरू किया। ऑक्सीजन सिलेंडर निर्माण प्लांट में हुए विस्फोट के बारे में डीएसपी हरसिमरन सिंह बल ने कहा, इस प्लांट में विस्फोट हुआ, जिसमें दो लोग - आसिफ और देवेंद्र - हताहत हुए... यह सुबह 9 बजे हुआ और हम समय पर पहुँच गए।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पंचतत्व में विलीन

## अंतिम संस्कार में शामिल हुए राहुल गांधी, संजय सिंह सहित कई दिग्गज नेता

"सांसद संजय सिंह ने सत्यपाल मलिक को बहादुर नेता बताया. उन्होंने कहा कि सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर आवाज बुलंद करने की ही सजा है कि मृत्यु के बाद भी उन्हें राजकीय सम्मान नहीं मिला. वहीं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अब सरकार ढूंढ कर लाए आखिर वो 2200 करोड़ रुपये कहा है.





एजेंसी

नई दिल्लीः पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का आज दिल्ली में अंतिम संस्कार किया गया. मंगलवार को दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में सत्यपाल मलिक का निधन हुआ था. वो 11 मई को किडनी की बीमारी के इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल में भर्ती हुए थे. कुछ दिन पहले ही सत्यपाल मलिक ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी बात कही थी. उन्होंने कहा था कि मैं रहूं या न रहूं पर मैं सच बताना चाहता हूं. उन्होंने ये भी आरोप लगाए थे कि उन्हें सरकार किसी तरह से फंसाने में लगी हुई है. उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया था कि उनके पास धन दौलत होती तो वो प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराते.केंद्र सरकार पर लगाया था उइक का डर दिखाने का आरोपपूर्व राज्यपाल के एक्स हैंडल के पोस्ट में ये भी लिखा था कि "सरकार मुझे सीबीआई का डर दिखाकर झूठे चार्जशीट में फंसाने के बहाने ढूंढ रही है, जिस मामले में मुझे फंसाना चाहते हैं उस टेंडर को मैंने खुद निरस्त किया था, मैंने खुद प्रधानमंत्री जी को बताया था इस मामले में करप्शन है और उन्हें बताने के बाद में मैंने खुद उस टेंडर को कैंसिल किया, मेरा तबादला होने के बाद में किसी अन्य के हस्ताक्षर से यह टेंडर हुआ.

# पहले पहनाई माला, फिर जड़ दिया थप्पड़

## रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य का एक शख्स ने ऐसे किया स्वागत

▸▸उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रायबरेली के सिविल लाइंस पहुँचे थे। दौरे के दौरान, समर्थकों ने उनका मालाओं से स्वागत किया, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला करने की कोशिश की और पीछे से उनके सिर पर थप्पड़ मारा।



एजेंसी

अपना समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर रायबरेली में उस समय हमला हुआ जब एक व्यक्ति ने उन्हें माला पहनाने के बाद पीछे से थप्पड़ मार दिया। यह घटना एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहाँ आरोपी व्यक्ति स्वामी प्रसाद के पास पहुँचा और फिर अचानक उन्हें थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद, मौर्य के समर्थकों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद उसे रायबरेली पुलिस के हवाले कर दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रायबरेली के सिविल लाइंस पहुँचे थे। दौरे के दौरान, समर्थकों ने उनका मालाओं से स्वागत किया, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला करने की कोशिश की।

तंज

## जेडीयू सांसद संजय झा का आरजेडी पर तंज

# तेजस्वी के पास दो वोटर आईडी, तो समर्थकों के पास कितनी होंगी?

एजेंसी



"बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ पटना के दीघा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनके पास दो चुनावी फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) हैं।

नयी दिल्ली। जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के पास कई चुनावी पहचान पत्र हैं, जिससे उनके समर्थकों में भी इसी तरह की प्रवृत्ति का संकेत मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जमीनी स्तर पर कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर, बिहार में कोई समस्या नहीं है। जब विपक्ष के नेता (तेजस्वी यादव) के पास दो चुनावी पहचान पत्र हैं, तो हमें नहीं पता कि उनके समर्थकों के पास कितने पहचान पत्र होंगे। यही कारण है कि एसआईआर किया जा रहा है। कुछ दिन पहले, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ पटना के दीघा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनके पास दो चुनावी फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) हैं। यह शिकायत एक वकील राजीव रंजन ने दर्ज कराई थी, जिन्होंने उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है। इससे पहले, तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया था कि उनका ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) नंबर बदल दिया गया है। यादव ने मतदाता सूची से अपना नाम गायब होने पर चिंता जताई थी और सवाल उठाया था कि वे आगामी चुनाव कैसे लड़ेंगे। वैध मतदाता पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) होने के बावजूद, यादव ने दावा किया कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, जिससे चुनावी प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप लगे। पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, यादव ने आरोप लगाया था, मेरा नाम मतदाता सूची में नहीं है। मैं चुनाव कैसे लड़ूँगा? इसके बाद, पटना में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ने रविवार को उनसे उस मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड का विवरण देने को कहा, जिसका उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ज़िक्र किया था, ताकि मामले की गहन जाँच की जा सके। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी ने कहा कि बिहार में संशोधित नई मतदाता सूची के मसौदे में उनका नाम शामिल नहीं है। हालाँकि, अधिकारियों ने रिकॉर्ड की जाँच की और उनका नाम सूची में पाया। इस बीच, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने चुनाव आयोग पर उनके द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर तेजस्वी की आलोचना की और कहा कि विपक्ष का नैरेटिव नष्ट हो गया है।

# सांसदों के साथ दिल्ली में सीएम रेवंत रेड्डी ने किया प्रदर्शन, भाजपा पर लगाया ये बड़ा आरोप



- रेवंत रेड्डी ने यहाँ संवाददाताओं से कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने तेलंगाना के लोगों से वादा किया था कि सरकार बनने के बाद, हम ओबीसी को 42% आरक्षण देने के लिए जाति जनगणना कराएँगे। इसी वादे के आधार पर लोगों ने कांग्रेस को सत्ता में लाया।

एजेंसी

नयी दिल्ली। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक विशाल धरना दिया और राज्य विधानसभा द्वारा पारित उन विधेयकों पर राष्ट्रपति की सहमति की मांग की, जो स्थानीय निकाय चुनावों के साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के क्षेत्रों में पिछड़े वर्गों (बीसी) को 42% आरक्षण देने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर विधेयकों को मंजूरी नहीं मिलती है, तो यह साबित होगा कि भाजपा पिछड़े वर्ग के समुदायों के खिलाफ है। रेवंत रेड्डी ने यहाँ संवाददाताओं से कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने तेलंगाना के लोगों से वादा किया था कि सरकार बनने के बाद, हम ओबीसी को 42% आरक्षण देने के लिए जाति जनगणना कराएँगे। इसी वादे के आधार पर लोगों ने कांग्रेस को सत्ता में लाया। उन्होंने आगे कहा, ₹सरकार बनने के बाद, हमने जाति जनगणना कराकर और 42% ओबीसी आरक्षण के लिए एक विधेयक पारित करके अपनी प्रतिबद्धता पूरी की। राज्यपाल ने विधेयक को राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला है।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की नई धमकी, बेतुके बयानों और फैसलों से करा रहे अपनी फजीहत

आखिर भारत अमेरिका से वह सब क्यों खरीदे जो उसे चाहिए ही नहीं ? ट्रंप यह समझें तो बेहतर कि भारत तब अमेरिका से नहीं दबा था जब वह आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं था और उसे परमाणु परीक्षण के चलते प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा था। भारत को ट्रंप का सामना करते हुए यह भी देखना होगा कि उसे रूस या चीन पर निर्भर नहीं होना है। अपने बेतुके बयानों और फैसलों से अपनी फजीहत करा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नई धमकी दी है कि वे 24 घंटे के भीतर भारत पर टैरिफ और बढ़ाएंगे। इसका मतलब है कि भारत से अमेरिका जाने वाली वस्तुओं पर अमेरिकी आयात शुल्क 25 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। उनके जो मन में आए, वह करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन यदि वे यह समझ रहे हैं कि भारत उनकी दादागीरी के आगे झुक जाएगा तो अब इसकी संभावना न्यून है, क्योंकि उन्हें जवाब देना शुरू कर दिया गया है। भारत कूटनीतिक शिष्टाचार के चलते उन्हें उनकी जैसी भाषा में तो जवाब नहीं दे सकता और देना भी नहीं चाहिए, लेकिन उसे उनकी धमकियों के आगे झुकना भी नहीं है। वे अब हद पार कर अमेरिकी राष्ट्रपति पद की मयार्दा से खेल रहे हैं। उनका अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है। यह भी दिख रहा है कि वे कुंठा से ग्रस्त होकर विवेक खो रहे हैं। भारत को एक कुंठित-अहंकारी अमेरिकी राष्ट्रपति के अहं को तुष्ट करने के बजाय उसका सामना साहस और संयम से करने के लिए कमर कस लेनी चाहिए। भारत को ट्रंप की ओर से पेश की जा रही चुनौतियों का सामना करने के लिए फौरी एवं दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी। इसमें सफलता तब मिलेगी, जब हमारे कारोबारी भी राष्ट्रधर्म समझेंगे। उन्हें अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादकता ठीक करनी होगी। आयातकों को खास तौर पर उन अमेरिकी अथवा चीनी वस्तुएं खरीदने का लोभ छोड़ना होगा, जो भारत में बन सकती हैं। इससे ही स्वदेशी का मंत्र कारगर साबित हो सकता है। ट्रंप यह तय करने वाले कोई नहीं कि भारत रूस अथवा अन्य किसी देश से क्या खरीदे ? अमेरिका की तरह भारत भी एक संप्रभु राष्ट्र है। यदि भारत रूस से तेल खरीद रहा है तो अमेरिका से भी ले रहा है। यदि भारत रूस से तेल न ले तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसके दाम चढ़ जाएंगे और इसके दुष्परिणाम विश्व के अनेक देशों के साथ अमेरिका को भी भोगने पड़ेंगे। क्या ट्रंप यह बताएंगे कि अमेरिका रूस से यूरेनियम और उर्वरक क्यों खरीद रहा है ? इसी तरह यूरोपीय देश उससे गैस, खनिज आदि क्यों खरीद रहे हैं ? ट्रंप यह समझने को तैयार नहीं कि भारत के टैरिफ किंग होने के उनके दावे की पोल खुद अनेक अमेरिकी अर्थशास्त्री खोल रहे हैं। विश्व बैंक का भी यह आकलन है कि अमेरिका के मुकाबले भारत की टैरिफ दरें मामूली ही अधिक हैं।

## आज का विचार







**मेष राशि:** कामकाज के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में पूरी जोश और उत्साह के साथ काम करेंगे और इसी के चलते किसी नए प्रोजेक्ट को संभालने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। व्यापार में निवेश से लाभ हो सकता है और नौकरी करने वालों को मेहनत का फल जरूरी मिलेगा।

**वृषभ राशि :** कार्यक्षेत्र में आप अपने कामकाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने और उन्हें पूरा करने प्रयास में लगे रहेंगे। इसमें आपको सफलता भी जरूर प्राप्त होगी। कार्यस्थल पर आपको मित्रों और सहयोगियों का भी साथ मिलेगा।

**मिथुन राशि:** आपका दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। अगर आप करियर में बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो अभी का समय इसके लिए अनुकूल नहीं है। ऐसे में आपको परिस्थितियां बेहतर होने का इंतजार करना होगा। व्यापार में कोई भी फैसला लेने से पहले अपने जीवनसाथी की सलाह लेना बेहतर होगा।

**कर्क राशि:** आज का दिन कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, जिससे आपका सारा ध्यान उसी तरफ रहेगा। आपको अपने कुछ पुराने मित्रों का सहयोग और समर्थन भी प्राप्त हो सकता है।

**सिंह राशि :** अगर कार्यक्षेत्र में आपके कुछ जरूरी काम अधूरे पड़े हैं, तो उन्हें अब पूरा करने की जरूरत हो सकती है। इसी के चलते आपका दिन भागदौड़ भरा भी रहने वाला है। लेकिन आपको जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने या कार्य करने से बचना होगा, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

**कन्या राशि:** आपका दिन अच्छा रहने वाला है। लेकिन इसके लिए योजना बनाकर हर कार्य करना बेहतर होगा। कार्यक्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से काम करने से आपको जरूरी कामों में सफलता प्राप्त होगी। कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा भी सफल हो सकती है और आप किसी जरूरी सामान की खरीदारी भी कर सकते हैं।

**तुला राशि:** व्यापार के मामले में आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना होगा, अन्यथा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में भी सावधानी बरतने की जरूरत है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें और निवेशों पर भी विशेष ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि:** व्यापार के मामले में परिस्थिति को बेहतर बनाने के लिए आपको अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाने की जरूरत होगी। वहीं, नौकरी करने वालों को भी अपने प्रोजेक्ट को सही प्रकार से पूरा करने के लिए कुछ बदलाव करने होंगे।

**धनु राशि :** कारोबार के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा। आपको लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी पड़ सकती है और किसी भी प्रकार के निवेश में सावधानी बरतनी जरूरी होगी। आर्थिक मामलों में दिन सामान्य रहने वाला है। अपना तनाव कम करने के लिए आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। इससे सुकून महसूस होगा और आपके ताजगी का अहसास होगा।

**मकर राशि :** आपको अपने हर कार्य को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। साथ ही, व्यापार में भी सोच-समझकर फैसले लेने होंगे और धन या संपत्ति से जुड़े मामलों में भी जल्दबाजी दिखाने से बचें। नौकरी करने वालों पर भी काम का प्रेशर रह सकता है।

**कुंभ राशि :** आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से काम सही ढंग से नहीं चल रहा था, तो अब उसमें सुधार आ सकता है, जिससे तनाव भी थोड़ा कम होगा।


**मीन राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको विपरीत परिस्थितियां देखने को मिल सकती हैं, जिससे मन परेशान रहेगा और तनाव भी बढ़ सकता है। आर्थिक मामलों में खर्च बढ़ने की संभावना है। आपको कुछ जरूरत के सामानों पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। लेकिन बड़े-बुजुर्गों की मदद से स्थिति काफी हद तक सामान्य हो सकती है।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सुनिश्चित हो संवैधानिक दायित्व की पूर्ति

> बजट और अविश्वास प्रस्ताव जैसे अवसरों पर सदस्यों को दलीय अनुशासन चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहिए। दलबदल के कानूनी प्रविधानों ने सदस्यों की विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया है जबकि संविधान सदनों में विचार अभिव्यक्ति की असीम स्वतंत्रता देता है। संसदीय जनतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनिवार्य है।

पा हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने दलबदल की याचिकाओं के निस्तारण पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि विधायी सदनों के अध्यक्षों/सभापतियों के निर्णय में विलंब से चिंताजनक स्थिति निर्मित हुई है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई के नेतृत्व वाली बेंच ने कहा, हम ऐसी स्थिति की अनुमति नहीं दे सकते जहां आपरेशन सफल हो, लेकिन मरीज ही मर जाए। याचिकाओं पर निर्णय में ऐसा विलंब न हो कि सदन का कार्यकाल ही समाप्त हो जाए। न्यायपीठ ने तेलंगाना विधानसभा में भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के दलबदल मामले में सुनवाई के बाद कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत दी गई याचिकाओं पर विधानसभा अध्यक्ष तीन महीने के भीतर निर्णय दें। न्यायालय ने पहले भी कहा था कि याचिकाओं के निर्णय में विलंब से 10वीं अनुसूची के उद्देश्य विफल हो सकते हैं। सदन के अध्यक्षों/सभापतियों को ही ऐसी याचिकाओं की सुनवाई का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि उसे सुनवाई की समयसीमा सुनिश्चित करने का अधिकार है। ये बातें मणिपुर विधानसभा सहित कई मामलों में समयसीमा निर्धारित करने की मांग पर कही गई हैं। एक मामले (1992) में सर्वोच्च न्यायापीठ ने कहा था कि आवश्यक कार्यवाही में देरी पर न्यायालय को हस्तक्षेप का अधिकार है। रवि एस. नायक बनाम भारत संघ मामले (1994) में अध्यक्ष की निष्पक्षता पर भी टिप्पणी की गई थी। निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही सरकार में मंत्री और सदन में पीठासीन अधिकारी



बनते हैं। राजनीतिक दल उनके निर्वाचन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वे चुनाव जीतकर अपने दल के प्रति निष्ठावान रहते हैं, पर तमाम प्रतिनिधि लोभवश दलबदल करते हैं। स्वतंत्रता के कुछ समय बाद ही दलबदल का सिलसिला चल निकला था। 1967 में हरियाणा के एक नेता ने एक दिन में ही तीन बार दलबदल किया था। कई राज्यों में दलबदलू नेता दल छोड़ते ही मंत्री बने। नैतिक और विधिक दृष्टि से यह अपराध है। मतदाता के प्रति धोखाधड़ी भी है। हमारे यहां राष्ट्र जीवन के सभी क्षेत्रों में उन्नति हुई है, लेकिन हम संवैधानिक नैतिकता वाले राजनीतिक दल नहीं बना पाए। राजनीतिक दल भी अपने सदस्यों में निष्ठा नहीं ला पाते, कुछ दलबदल कराते हैं और कुछ दलबदल करते हैं। ऐसे दल राष्ट्र हितैषी नहीं हो सकते। कहा जाता है कि राजीव गांधी ने भयवश 52वां संविधान संशोधन पारित करवाया था। तब स्वेच्छा से दल त्याग दंडनीय माना गया, पर एक तिहाई सदस्यों के दल त्याग को विलय कहा गया था। एक तिहाई सदस्य जुटाना मुश्किल नहीं था। कुछ राज्यों में इक्का-दुक्का सदस्य आते रहे और एक तिहाई होते गए। दलबदल के तमाम तरीके ईजाद होते रहे। 1991 में संविधान संशोधन द्वारा एक तिहाई की जगह दो तिहाई सदस्यों का प्रविधान किया गया। इसका भी बहुत लाभ नहीं हुआ। सदस्यता छीन लेने जैसे सख्त कानून के बावजूद दलबदल जारी है। एक कारण पीठसीनों की ढिलाई भी है। इसलिए हाल के तेलंगाना मामले सहित कई अवसरों पर पीठासीन अधिकारियों पर टिप्पणियां हुई हैं। आरोप लगते रहे हैं कि वे जानबूझकर पक्षपात करते हैं। यचिकाएं ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। चुनाव आयोग ने सुझाव दिया था कि इस गंभीर विषय पर विमर्श के लिए एक आयोग बने। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि निष्पक्षता के लिए न्यायपालिका के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायाधिकरण का गठन किया जाना चाहिए। सदनों के सभापति/अध्यक्ष सम्माननीय संवैधानिक संस्था हैं। 10वीं अनुसूची में संविधान ने इन्हें उत्तरदायी माना है। इन संस्थाओं को अपने संवैधानिक कर्तव्य का सही पालन करना चाहिए, मगर दल त्यागने का रोग इतने भर से दूर नहीं होगा। माननीय विशेष अवसरों के लिए दल त्याग करेंगे। कुछ दंडित होंगे, होते भी हैं और शेष तकनीकी कारणों से बच निकलेंगे। इसलिए इस मुद्दे पर व्यापक विमर्श हो। जहां स्वेच्छा से दल त्याग दंडनीय है, वहीं किसी व्यक्ति या समूह द्वारा दल त्याग की घोषणा सुविचारित भी हो सकती है। पार्टी का नेतृत्व विचारधारा बदल सकता है। विचारनिष्ठ सदस्यों के लिए यह अस्वीकार्य हो जाता है। वे सदन में अपने नेताओं के विरुद्ध भी बोलते हैं। संविधान में विचार अभिव्यक्ति मौलिक अधिकार है। दलीय अनुशासन का डंडा सदस्यों को अखरता है। दलबदल रोकने से राजनीतिक स्थिरता तो रहती है, किंतु निर्वाचित सदस्यों को विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से वंचित भी नहीं किया जा सकता। बजट और अविश्वास प्रस्ताव जैसे अवसरों पर सदस्यों को दलीय अनुशासन चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहिए। दलबदल के कानूनी प्रविधानों ने सदस्यों की विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया है, जबकि संविधान सदनों में विचार अभिव्यक्ति की असीम स्वतंत्रता देता है। संसदीय जनतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनिवार्य है। इसके बावजूद दलबदल के विरुद्ध अभियान चलाते रहना चाहिए। समाज इसकी निंदा करे। राज्य दंड दे। आखिर ब्रिटिश संसद ने भारत जैसा दलबदल कानून क्यों नहीं बनाया? ब्रिटेन का दल तंत्र ऐसी समस्याएं स्वयं सुलझा लेता है। ब्रिटेन जैसी संसदीय प्रणाली अपना कर भी, दलबदल कानून के बावजूद भारत क्यों इस समस्या से ग्रस्त बना हुआ है। ब्रिटेन में पार्टी बदलने पर कोई कार्रवाई नहीं होती। अमेरिका में भी दलबदल कानून नहीं है। अमेरिका में दो दल हैं। दलबदल भी होते हैं। एक समय डेमोक्रेटिक पार्टी के 16 प्रतिनिधि रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गए थे। पार्टी का अनुशासन अमेरिका में ऐसी समस्याएं सुलझा लेता है। यूरोप के अधिकांश देशों में सख्त कानून है। दल त्याग पर संसद की सदस्यता समाप्त हो जाती है। पड़ोसी बांग्लादेश में भी पार्टी के विरुद्ध सदन में मतदान करने और पार्टी बदलने पर त्यागपत्र लिया जाता है। केन्या, दक्षिण अफ्रीका आदि में दलबदल की छूट नहीं है। भारत का मन बदल रहा है। सारी दुनिया आश्चर्यचकित है। संपूर्ण राजनीतिक दल तंत्र और विधायिका के सभी सदस्यों को संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन के लिए संवेदनशील होना चाहिए। न्यायपीठ का निर्णय स्वागतयोग्य है। इससे विधायिका और न्यायपालिका की गरिमा बढ़ेगी।

# नशे में समाज या समाज में नशा नशीले पदार्थों की तस्करी चुनौती

**संजीव ठाकुर**

देश में कई गुना लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई और तस्करी ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। युवा बुजुर्ग यहां तक छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं। शराब, गांजा, भांग और ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्म सिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने में लगे हैंह्ल नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगातार बढ़ती जा रही है। नशीले पदार्थों से हुई अपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती, और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया थो दूसरी तरफ पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की थी

वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ मे सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र सरकार के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे



रोकने के लिए चिंता जताई है। देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों में सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली जाती है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट जाना चाहिए और शासन तथा पुलिस प्रशासन को अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित कर देने में लगाना होगा। मूलतः मुंबई गोवा और समुद्र मार्ग से पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिऐ मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए थे, तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की गई थी। इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। नए वर्ष के आगमन और होली की सेलिब्रेशन में तमाम नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट जाते हैं देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके, शराब से तो अपराध होते ही हैं। सूखे नशे से अपराधयों के ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है।

अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जाना चाहिए । जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है

# राहुल गांधी का चुनावी एटम बॉम्ब

**विजय सहगल**

जब से भारत के चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव के पूर्व, चुनाव सूची मे विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य आरंभ किया है, देश के सभी विपक्षी दलों की तोपों के मुंह चुनाव आयोग की तरफ मुड़ गये। कॉंग्रेस के युवा नेता ने तो एक कदम आगे बढ़ 1 अगस्त को चुनाव आयोग पर सरकार के पक्ष मे वोट चोरी का आरोप लगा कर, चुनाव आयोग को खुल्लम खुल्ला धमकाते हुए इस चोरी के पुख्ता प्रमाण, सबूत और साक्ष्य रूपी एटम बॉम्ब फोड़ने की चेतावनी दी। उन्होने वर्तमान मे हिंदुस्तान मे चुनाव आयोग नाम की कोई चीज के अस्तित्व को नकारते हुए, आगाह किया कि उनके धमाके के बाद तो चुनाव आयोग के अस्तित्व ही नजर नहीं आयेगा। राहुल गांधी पूर्व मे भी इस तरह के सनसनी खेज वक्तव्य देते रहे हैं। विदित हो कि 8 नवंबर 2016 मे मोदी सरकार द्वारा लागू की गयी नोट बंदी पर भी राहुल गांधी ने 9 दिसम्बर 2016 मे अपने उत्तेजक वक्तव्य मे, लोक सभा मे बोलने के मौका देने पर भूकंप आने की चेतावनी दी थी और जब वे लोक सभा मे बोले तो, अपने वक्तव्यों के भूकंप से धरती तो दूर, एक तिनका भी नहीं हिला सके। उनके सनसनी खेज ₹एटम बॉम्बर₹ के वक्तव्य पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुटकी लेते हुए सही ही कहा कि यदि राहुल गांधी के पास सौ प्रतिशत पुख्ता सबूतों का ₹एटम बम₹ हैं तो उसका परीक्षण तुरंत करिए और सारे प्रमाण देश के सामने रखिये। लेकिन सच्चाई यह हैं कि न तो उनके पास कोई तथ्य हैं, न सबूत। सनसनी फैलाना उनकी पुरानी आदत रही है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को डराते और धमकाते हुए कुछ उसी लहजे मे कहा जैसे नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को चेताते हुए कहा था। उन्होने चुनाव आयोग के अधिकारियों से कहा, जो भी ये काम कर रहे है, टॉप से बॉटम तक, याद रखिये हम आपको छोड़ेंगे नहीं! ये देश के खिलाफ साजिश है। उन्होने कहा कि आप रिटायार्ड हों या कहीं भी हों, हम आपको ढूंढकर निकाल लेंगे! देश की सबसे पुराने दल कॉंग्रेस के नेता द्वारा, देश की संवैधानिक संस्था के अधिकारियों के विरुद्ध इस तरह की भाषा का प्रयोग करना करना उचित है ? वहीं दूसरी ओर चुनाव आयोग ने कहा, कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। आयोग के कर्मचारियों को धमकाने वाली ये भाषा निंदनीय है। आयोग ने कहा कि वह ऐसे गैर जिम्मेदाराना बयानों को नजर अंदाज करता है और निष्पक्ष व पारदर्शी रूप से अपना काम सतत रूप से करता रहेगा। आयोग ने इस बात का भी उल्लेख किया कि उसके द्वारा 12 जून को भेजा गया

मेल और पत्र के प्रतिउत्तर अब तक अप्राप्त है। कॉंग्रेस या राहुल गांधी द्वारा आयोग को कभी कोई शिकायत नहीं की गयी। तीन-तीन प्रधानमंत्रियों के घर चाँदी की चम्मच ले कर पैदा हुए माननीय राहुल गांधी अब तक भारतीय लोकतन्त्र और भारतीय मतदाताओं की ताकत और मिजाज को शायद नहीं समझ पाये ? इसलिये ही राहुल गांधी ने राजधानी दिल्ली मे कॉंग्रेस के वार्षिक कानूनी सम्मेलन को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर 2014 के गुजरात विधान चुनाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि, किसी एक पार्टी (भाजपा) की भारी मतों से विजय का रुझान शक पैदा करता हैं। शायद उन्हे स्मरण नहीं कि आपात काल के बाद जिस कॉंग्रेस की 1977 लोक सभा चुनाव मे सदस्यों की संख्या 350 से घट कर 153 रह गयी थी उन्ही श्रीमती इंद्रा गांधी को 1980 मे मतदाताओं ने भारतीय नागरिकों पर, आपातकाल मे किए गये तानाशाही पूर्ण रवैये को भुला कर उन्हे फिर सत्ता सौंपी। ठीक इसी तरह भारत के ये मतदाता ही थे जिन्होने, श्रीमती इन्दिरा गांधी की नृशंस हत्या के बाद राजीव गांधी से सहानभूति रखते हुए उनकी सरकार को दो तिहाई से भी अधिक सीटें (404) देकर कॉंग्रेस को सत्ता सौंपी। तब किसी नेता या दल ने कॉंग्रेस की विजय पर कोई शक, संशय या संदेह व्यक्त नहीं किया

# दुबे-त्रिवेदी हैं लेकिन चतुर्वेदी नहीं? उद्धव ठाकरे गुट की सांसद प्रियंका पीएम मोदी से मिलीं तो मचा हल्ला

**महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी की राज्य सांसद प्रियंका चतुर्वेदी इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसकी कई वजहें हैं। राज्यसभा में जब उन्होंने सपा सांसद जया बच्चन को रोकने की कोशिश तो वीडियो वायरल हो गया था। अब उनकी पीएम मोदी से मुलाकात ने राजनीति का गरमा दिया है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसकी वजह है कि वह संसद में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाने से लेकर भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर केंद्र सरकार को घेर रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी तस्वीर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर माहौल बदल गया है। हल्ला मच गया कि प्रियंका चतुर्वेदी अब बीजेपी में जाएंगी। सीधे तौर पर प्रियंका चतुर्वेदी ने इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है लेकिन जब मामले में तूल पकड़ा तो उन्होंने लिखा कि मैंने संसद में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मैं भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पहलुओं पर उनके बहुमूल्य समय और विचारों के लिए उनका धन्यवाद करती हूं। अगले साल तक है कार्यकालप्रियंका चतुर्वेदी के खुद फोटो साझा करने के बाद भी उनके बीजेपी में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रियंका चतुर्वेदी साल 2019 में कांग्रेस को छोड़कर शिवसेना में आई थीं। इसके बाद उद्धव ठाकरे ने उन्हें अप्रैल 2020 में राज्यसभा भेज दिया था। प्रियंका चतुर्वेदी का कार्यकाल अगले साल अप्रैल में खत्म हो रहा है। ऐसे में अभी उनके कार्यकाल में सात महीने बाकी हैं। शिवसेना यूबीटी के पास महाराष्ट्र में जो संख्याबल है। उसमें उनके दोबारा राज्यसभा जा पाने की संभावना नहीं है।

# महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का 'शक्ति प्रदर्शन', प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद दिल्ली में खूब गरजे

**महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिल्ली दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मौके पर शिंदे ने पीएम मोदी को एक विशेष फोटो की भेंट की। प्रधानमंत्री से मुलाकात में उनका पूरा परिवार मौजूद रहा। इसके बाद उन्होंने जमकर हमला बोला। शिंदे ने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, महायुति में अकेले पड़ने की चचाओं के बीच बुधवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। शिंदे ने पीएम मोदी से अपने पूरे परिवार के साथ मुलाकात की। उन्होंने इस मौके पर पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऑपरेशन महादेव के लिए भगवान शंकर की तस्वीर भेंट की। शिंदे ऐसे वक्त पर दिल्ली के दौरे पर हैं जब उनके प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे भी दिल्ली में मौजूद हैं। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद डिप्टी सीएम ऊर्जा से लबरेज दिखे। उन्होंने कहा कि हमने जनकल्याण का मार्ग चुना, उन्होंने 10 जनपथ को स्वीकार किया। शिंदे का निशाना उद्धव ठाकरे के ऊपर था। ठाकरे के दिल्ली दौरे में इंडिया अलायंस की बैठक में शामिल होने के साथ बड़े नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है।

## उद्धव ठाकरे पर बोला हमला

शिंदे ने कहा कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के प्रतीक के रूप में महादेव की तस्वीर भेंट की। शिंदे उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए कहा कि हम बालासाहेब द्वारा दिखाए गए जनकल्याण के मार्ग पर चल रहे हैं, लेकिन कुछ लोग 10 जनपथ चले गए हैं। वे ऐसे काम कर रहे हैं जो बालासाहेब को कभी पसंद नहीं थे। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस अंतर को देख रही है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने यूटीटी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि शिवसेना जनकल्याणकारी पार्टी है, जबकि उनकी पार्टी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। शिंदे ने दिल्ली दौरे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पार्टी के सांसद भी मौजूद रहे। शिंदे ने पीएम मोदी और अमित शाह से मुलाकात की तस्वीरों को प्रमुखता से साझा किया है।

## सावरकर के अपमान पर चुप रहे

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि लोग काम के लिए वोट देते हैं। लोग घर में रहने वालों को घर में रहने पर मजबूर करते हैं। उन्होंने यूबीटी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जब स्वातंत्र्यवीर सावरकर का अपमान किया जा रहा था। तब वे चुप रहे, क्योंकि उन्होंने हिंदुत्व त्याग दिया था। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने राहुल गांधी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सेना के शौर्य पर संदेह करना, विदेश में भारत और प्रधानमंत्री को बदनाम करना और पाकिस्तान की भाषा बोलना देशभक्ति नहीं, बल्कि पाकिस्तान प्रेम है।

फास्ट ट्रैक

# टिकट दलालों पर रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर ।रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन उपलब्ध के तहत माह 01 जनवरी 2025 से 31 जुलाई 2025 के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत 50 टिकट दलालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान आरपीएफ द्वारा 49 लाख 95 हजार 184 रुपए कीमत की 3477 रेल टिकटों को जब्त किया गया।

रेलवे एक्ट 143 के तहत, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध तरीके से व्यापार करना, अधिक दाम पर बेचना या अन्य किसी तरीके से टिकटों की कालाबाजारी करना कानूनी अपराध है। इस एक्ट के तहत जुमार्ना और सजा दोनों का प्रावधान है।

मुख्य बिंदुः-

1) कानूनी कार्रवाईः दोषियों के खिलाफ जुमार्ना और दण्ड का प्रावधान।

2) अवैध गतिविधियों पर रोकः टिकटों की कालाबाजारी और अवैध बुकिंग पर नियंत्रण।

3) रेलवे प्रशासन की पहलः यात्रियों को सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है टिकट केवल आधिकारिक रेलवे काउंटरों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों से ही बुक करें। अवैध बुकिंग से बचने के लिए कृपया हमेशा अधिकृत स्त्रोतों से ही टिकट प्राप्त करें।

# एटीम से पैसे चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ़्तार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कल्याण। कल्याण पश्चिम में अत्रे हॉल स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एटीएम से पैसे चुराने के इरादे से पत्थर की मदद से उक्त एटीएम को तोड़ दिया, लेकिन वे एटीएम से पैसे नहीं निकाल सके। एटीएम को तोड़ते समय अज्ञात व्यक्तियों ने एटीएम को लगभग दो लाख का नुकसान पहुँचाया था। इस संबंध में, सेंट्रल बैंक के प्रबंधक द्वारा दी गई शिकायत पर, बाजारपेट पुलिस स्टेशन मामला दर्ज किया था। हालांकि, घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से सहायक पुलिस निरीक्षक प्रशांत अंधाले के नेतृत्व में पुलिस कांस्टेबल प्रेम बागुल, एवं जांच टीम ने बाजारपेट पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर प्रभावी ढंग से गश्त की और बाजारपेट पुलिस स्टेशन के फुटेज में दिख रहे दो आरोपी मंगेश भीमराव जगताप उम्र 36 वर्ष और आरपी नौशाद अहमद अंसारी उम्र 22 वर्ष को गिरफ़्तार किया। आगे की पूछताछ के बाद, उन्होंने अपराध कबूल कर लिया और बाजारपेट पुलिस स्टेशन कुछ ही घंटों में अपराध का खुलासा करने में सफल रहा।

# वसई, विरार में परियोजनाओं में तेजी


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



वसई-विरार नगर निगम ने शहर के लिए खेल परिसर, सांस्कृतिक भवन, रंगमंच, अस्पताल, सीएनडी अपशिष्ट परियोजना सहित अन्य विकासात्मक कार्य शुरू किए हैं। हालाँकि, ये कार्य पिछले पाँच-छह वर्षों से रुके हुए थे। नगर निगम ने एक बार फिर इन कार्यों में तेजी लाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। वसई और विरार के खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों की अच्छी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए, नगर निगम ने विरार के म्हाडा मैदान में एक भव्य खेल परिसर बनाने का निर्णय लिया था। नवंबर 2017 में आधारशिला रखकर इस कार्य की शुरूआत की गई थी। इस परिसर में लंबी कूद, गोला फेंक, 400 मीटर से अधिक का सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, ऊँची कूद, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, फुटबॉल आदि खेलों के साथ-साथ बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, योग अभ्यास सुविधाएँ और मार्शल आर्ट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। हालाँकि, पिछले कुछ वर्षों में इस खेल परिसर के निर्माण कार्य में गति नहीं आई है। दूसरी ओर, सांस्कृतिक नगरी के रूप में विख्यात वसई में वर्ष भर अनेक सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। रंगमंच के क्षेत्र में कार्यरत कई कलाकार भी इसी शहर में रहते हैं। विरार पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और यातायात जाम से नागरिकों को परेशानी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में विरार शहर की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रतिदिन हजारों यात्री रेलवे स्टेशन का उपयोग करते हैं। स्टेशन के बाहर अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था, यात्रियों की लगातार भीड़, रिक्शा-बस स्टॉप पर अव्यवस्था और पैदल यात्रियों के लिए अपर्याप्त सुविधाओं के कारण नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस स्थिति में सुधार के लिए शहर में रअळकर परियोजना को लागू करने की माँग की जा रही है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना का क्रियान्वयन संभव है। नालासोपारा के मजीठिया में मजीठिया थिएटर का काम 2021 में शुरू किया गया था। समय पर काम पूरा न होने पर, 2023 में मानवाधिकार न्यायालय में नगरपालिका के खिलाफ मामला भी दायर किया गया था। इसके बाद, निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन थिएटर के अंदर की मुख्य व्यवस्थाएँ, जैसे ध्वनि प्रणाली, एयर कंडीशनिंग और अग्निशमन, स्वीकृत बजट में शामिल नहीं थीं, इसलिए वे अभी भी ठप पड़ी हैं। नगरपालिका ने नालासोपारा पूर्व के अछोले में 250 बिस्तरों वाले एक सुसज्जित अस्पताल का प्रस्ताव रखा है। हालाँकि, विभिन्न समस्याओं के कारण इसमें देरी हुई है। इस अस्पताल के निर्माण स्थल का विवाद अब सुलझ गया है और नगरपालिका ने कहा है कि इसके लिए आगे प्रयास जारी हैं। विरार के गोकुल टाउनशिप में बन रहा सांस्कृतिक भवन भी आधी-अधूरी अवस्था में ही नजर आ रहा है। ये परियोजनाएँ पिछले पाँच-छह सालों से ठप पड़ी हैं। अगर यही हाल रहा तो इनकी हालत और दयनीय हो सकती है। नवनियुक्त आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी ने अब इन रुकी हुई परियोजनाओं के काम को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हाल ही में आयुक्त ने निर्माण विभाग के अधिकारियों और अपर आयुक्त के साथ रुकी हुई परियोजनाओं के स्थलों का दौरा कर उनका जायजा लिया है। उन्होंने इस अवसर पर अधिकारियों को रुकी हुई परियोजनाओं को तुरंत पटरी पर लाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, राडार रोड का मामला भी गंभीर पाया गया है। इसके लिए मंजूरी मिल गई है और इसके लिए 12 करोड़ रुपये की धनराशि की आवश्यकता है। आयुक्त ने कहा है कि इसके लिए एक प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। मनोज कुमार सूर्यवंशी, आयुक्त, वसई-विरार नगर निगम का कहना है कि वसई-विरार शहर में कई परियोजनाएँ पिछले पाँच-छह वर्षों से अटकी हुई हैं। हम ऐसी परियोजनाओं की समीक्षा करते रहेंगे और उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने का प्रयास करेंगे।

# नो अपॉइंटमेंट...एक्शन में आए मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती, मुख्यालय में शुरू किया जनता दरबार

**मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने बतौर आयुक्त 100 दिन पूरे करने के बाद अब जनता दरबार की शुरूआत की है। भारती ने कहा कि मुंबई के लोग अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिल सकते हैं। भारती ने कहा है कि इस जनता दरबार के कोई अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं होगी।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः 1 मई को मुंबई पुलिस आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद देवेन भारती अब एक्शन में आ गए हैं। मुंबई पुलिस ने आयुक्त ने जनता दरबार की शुरूआत की है। देवेन भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जनता दरबार की कुछ फोटो साझा करके लिखा है कि नो अपॉइंटमेंट...हर मंगलवार को शाम साढ़े तीन बजे मैं शिकायतें सुनने के लिए उपलब्ध रहूंगा। भारती ने साफ किया है कि इसके लिए कोई अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं होगी। मुंबई पुलिस के शीर्ष अधिकारी के देवेन भारती ने साफ किया है कि इस पहल का मकसद न केवल शिकायतों का समाधान करना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि मुंबईकरों को अपनी बात रखने के लिए एक सुलभ और पारदर्शी मंच मिले। देवेन भारती 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं ।मुख्यालय में जनता दरबारमुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती की बड़ी पहल के बाद मुंबईकर अब अपनी शिकायतों को जरूरी होने पर शीर्ष स्तर पर भी रख सकेंगे। जनता दरबार में आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। इस जनता दरबार की खास बात यह है कि इस मुलाकात के लिए किसी पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे आम लोग बिना किसी औपचारिकता के अपनी बात सीधे पुलिस आयुक्त तक पहुंचा सकेंगे। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है ।सीधे जनता से होगा संवादमुंबई पुलिस में काफी समय बाद ऐसा हुआ है कि जब मुंबई पुलिस का सर्वोच्च अधिकारी इस तरह जनता के लिए सीधे उपलब्ध होंगे। इस दरबार में कोई भी व्यक्ति, चाहे वह छोटी-मोटी शिकायत हो या गंभीर मुद्दा, सीधे पुलिस आयुक्त से मिलकर अपनी बात रख सकता है।

# विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से तिरंगे के विभिन्न रूप बनाए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कल्याण युवा पीढ़ी स्कूली विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से सरकार के निदेर्शानुसार 'घरौघरी तिरंगा' अभियान के अंतर्गत मनपा आयुक्त अभिनव गोयल के निदेर्शानुसार शिक्षा उपायुक्त संजय जाधव और शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं ।इसी कड़ी में, नगर निगम क्षेत्र के स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए हमारे देश, हमारे तिरंगे के बारे में ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षकों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रश्नों के गहन उत्तर दिए। बुधवार को शिक्षा विभाग द्वारा पूरे दिन तिरंगे में रंग भरने की प्रतियोगिता आयोजित की गई

# मध्य रेल ने अनधिकृत यात्रा पर जाँच तेज की

**टिकट जाँच दलों ने अप्रैल से जुलाई 2025 के दौरान बिना टिकट / उचित टिकट के यात्रा कर रहे 14.43 लाख यात्रियों को पकड़ा और 86.73 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने जुलाई 2024 की तुलना में जुलाई 2025 में अनियमित यात्रा के मामलों की पहचान में 62% की वृद्धि और जुमार्ना राशि की वसूली में 100% की वृद्धि दर्ज की अपने यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के अपने प्रयास के तहत, मध्य रेल सभी मंडलों में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों, पैसेंजर ट्रेनों और विशेष ट्रेनों और मुंबई एवं पुणे मंडल की उपनगरीय ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से सघन टिकट जाँच अभियान चलाता है। अनधिकृत यात्रा पर नजर रखने के लिए, मुख्यालय और सभी मंडलों में नियमित रूप से विभिन्न प्रकार की जाँचें की जाती हैं, जिनमें स्टेशन जाँच, घात जाँच, किला जाँच, गहन जाँच और मेगा टिकट जाँच अभियान आदि शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 ( अप्रैल से जुलाई 2025 ) के दौरान, मध्य रेल के टिकट जाँच दलों ने बिना टिकट / उचित टिकट या यात्रा प्राधिकरण के यात्रा करते हुए 14.43 लाख यात्रियों को पकड़ा है और उल्लंघनकताओं से जुमार्ने के रूप में 86.73 करोड़ रुपये वसूले गए हैं। यह टिकट जाँच से होने वाली आय में 6.44% की वृद्धि है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा उपरोक्त अवधि के लिए निर्धारित 81.48 करोड़ रुपये के लक्ष्य से अधिक है।

जुलाई 2025 के दौरान, मध्य रेल टिकट जाँच दलों ने बिना टिकट / उचित टिकट के यात्रा कर रहे 3.08 लाख यात्रियों को पकड़ा है, जबकि जुलाई 2024 में यह संख्या 1.91 लाख थी। इस प्रकार 62% की वृद्धि हुई है।

जुलाई 2025 के दौरान उल्लंघनकताओं से जुमार्ने के रूप में 16.00 करोड़ रुपये वसूले गए हैं, जबकि जुलाई 2024 में यह राशि 7.97 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार 100% से अधिक की वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2025-26 ( अप्रैल से जुलाई 2025 ) के लिए बिना टिकट / उचित टिकट के यात्रा करते पकड़े गए यात्रियों का मंडलवार विवरण और उनसे वसूली गई जुमार्ना राशि इस प्रकार हैः

भुसावल मंडल 3.85 लाख मामलों से 33.49 करोड़ रुपये,

मुंबई मंडल 5.73 लाख मामलों से 24.29 करोड़ रुपये,

नागपुर मंडल 1.56 लाख मामलों से 9.76 करोड़ रुपये,

पुणे मंडल 1.52 लाख मामलों से 8.42 करोड़ रुपये,

सोलापुर मंडल 85,000 मामलों से 4.18 करोड़ रुपये,

मुख्यालय 91,000 मामलों से 6.58 करोड़ रुपये,

मध्य रेल अनियमित यात्रा को रोकने और अपने यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु अथक प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मध्य रेल अपने यात्रियों से अपील करता है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए उचित और वैध रेलवे टिकट खरीदकर सम्मानपूर्वक यात्रा करें।

# बॉम्बे हाई कोर्ट का बनाया गया जज, हैरान विपक्ष ने उठाए सवाल

मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट के जज के रूप में एक नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यह नियुक्ति है आरती अरुण साठे की। आरती साठे को बॉम्बे हाई कोर्ट जस्टिस की नियुक्ति का ऐलान सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 जुलाई को किया। अब उनका नाम सोशल मीडिया पर खूब चल रहा है। महाराष्ट्र में सियासत गरमा गई है। आरती साठे की नियुक्ति को लेकर महाराष्ट्र में विपक्ष सवाल खड़े कर रहा है। दरअसल आरती साठी कोई और नहीं बल्कि बीजेपी की नेता हैं। वह महाराष्ट्र बीजेपी की प्रवक्ता भी रह चुकी हैं। आरती साठे का नाम लिस्ट में आने के बाद एक-दो दिन मामला शांत रहा

# एक्शन का रिएक्शन... युवक ने आवारा कुत्ते को बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल हुआ तो लोगों ने की चप्पलों से धुनाई

**नवी मुंबई के कोपरखैरने में एक व्यक्ति ने आवारा कुत्ते को बेरहमी से पीटा। इस घटना का वीडियो वायरल होने पर लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने आरोपी को ढूंढकर पीटा। कुत्ते को बचाया गया और उसका इलाज चल रहा है। आरोपी की मां ने भी इस हरकत का समर्थन किया, जिससे जनता और भड़क गई।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः नवी मुंबई के कोपरखैरने इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शख्स आवारा कुत्ते को लकड़ी के मोटे पट्टे से बेरहमी से पीट रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। इस घटना का वीडियो मो. रईज नाम के यूजर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपी युवक लकड़ी के मोटे प्लाईवुड से कुत्ते पर कई बार वार कर रहा है, जबकि कुत्ता बेबस होकर मार खाता रहा। इसके बाद लोगों ने आरोपी युवक को ढूंढा और फिर उसकी भी धुनाई कर डाली। वहीं बताया जा रहा है कि कुत्ते को बचा लिया गया है और उसका इलाज चल रहा है ।लोगों ने की आरोपी की धुनाईरईज ने एक फॉलो-अप पोस्ट में बताया कि आरोपी युवक की मां ने इस हरकत को उकसाया और बाद में उसका समर्थन किया। उन्होंने कथित रूप से कहा कि जरूरत पड़ी तो फिर ऐसा करेंगे। इस बयान से सोशल मीडिया पर जनता का गुस्सा और भड़क गया। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पहचान लिया और उसका सार्वजनिक रूप से विरोध किया। एक वीडियो क्लिप में एक महिला को आरोपी को चप्पलों से पीटते हुए देखा जा सकता है, जबकि दर्जनों लोग उसे घेरकर खड़े हैं ।एक्शन और रिएक्शन का वीडियो भी किया


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### अभिरुचि की अभिव्यक्ति का विज्ञापन

**विषयः 'ए' वार्ड में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत "डी" श्रेणी के बहुपयोगी कर्मचारियों के रिक्त पदों को स्वैच्छिक संस्था के माध्यम से संविदा आधार पर भरने के संबंध में.**

'ए' वार्ड में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत डिस्पेंसरियों और कार्यालयों में "डी" श्रेणी के रिक्त पदों को स्वैच्छिक संस्थाओं (बचत समूहों को छोड़कर) के माध्यम से संविदा आधार पर भरने के लिए केवल वही संस्थाएँ आवेदन करें, जिन्हें बृहन्मुंबई महानगरपालिका की डिस्पेंसरियों और कार्यालयों में संविदा पर बहुपयोगी कर्मचारी उपलब्ध कराने का कम से कम 1 वर्ष का अनुभव हो. इच्छुक संस्थाएं कर्मचारी भविष्य निधि राज्य व कर्मचारी बीमा योजना में पंजीकृत श्रमिक सहकारी संस्थाएं, सेवा सहकारी संस्थाएं, बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाएं, गैर-सरकारी संगठन (जिनके गठन का उद्देश्य अपने सदस्यों को रोजगार प्रदान करना हो) आदि हो सकती हैं. पात्रता सूची तैयार करने तथा लॉटरी के माध्यम से चयन हेतु हम संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं.

आवेदन पत्र सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, ए वार्ड कार्यालय से दिनांक 07.08.2025 से दि. 14.08.2025 तक 10.30 बजे से 3.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है. इच्छुक संस्थाएं अधिक जानकारी, आवेदन पत्र और शपथपत्र प्रपत्र के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, ए वार्ड कार्यालय से संपर्क करें. आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय 14.08.2025 को समय सायं. 5:00 बजे तक है.

निर्धारित कार्यालय समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

हस्ता./-
चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी
ए वार्ड

पीआरओ/1225/विज्ञा./2025-26

जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.



## पश्चिम रेलवे

### शुद्धिपत्र

निविदा सूचना क्र. निविदा क्र. बीसीटी/25-26/165. निविदा सूचना के अनुसार कार्य का नाम : वरि. डीईएन (पूर्व) क्षेत्राधिकार अंतर्गत उकाई सोनगढ़ – जलगांव अनुभाग के बीच टीबीआर-17.185 किमी तथा टीएफआर – 83.567 किमी. **कार्य का नाम इस प्रकार पढ़ें : वरि. डीईएन /पूर्व क्षेत्राधिकार अंतर्गत उकाई सोनगढ़ – जलगांव अनुभाग के बीच थ्रू बैलास्ट रिनीवल (टीबीआर) – 17.185 किमी. तथा थ्रू फिटिंग रिनीवल (टीएफआर) – 83.567.** अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी.

0471

Like us on : facebook.com/WesternRly



## मध्य रेल

सोलापुर मंडल

### ई-निविदा सूचना

**ई-निविदा सूचना क्र. 27-2025-SrDENC.** मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम** : Painting of bridges (RUB/LHS/Slab bridges) total 60 Nos. in Solapur Division. **अनुमानित लागत**: ₹ 1,87,08,562.5/-. **बयाना रक्कम**: ₹ 2,43,600/-. **समापन की अवधी**: 60 Months. **रखरखाव की अवधी**: 12 Months. **www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर अपलोड करने की अंतिम दिनांक और समय: 28.08.2025** को **15:00 बजे तक. www.ireps.gov.in इस वेबसाइट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 28.08.2025** को **15:30 बजे**. निविदाकारों से निवेदन है की कोई बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक/ (कार्य)
म.रे. सोलापुर

Akar/Sur-57

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



## मध्य रेल

सोलापुर मंडल

### ई-निविदा सुचना

**निविदा सूचना संख्याः सोला/क.वि./नि/2024/12आर3.** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याती प्राप्त, अनुभवी और लसईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** सोलापुर डिवीजन में सुरक्षा और विश्वसनियता में सुधार के लिए विभिन्न स्थानों पर स्थित लिनिंग मास्त को अटेंड करने के लिए ओएचई संरचना का प्रतिस्थापन। (पुनर्निविदा). **कार्य की लागतः** ₹ 2,34,68,737.21. **बयाना राशिः** ₹ 2,67,400/-. **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 माह. **निविदा प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समयः दि.01.09.2025** को **15:00 बजे।**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.)
मरे, सोलापुर

Akar/Sur-56

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



## मध्य रेल

सोलापुर मंडल

### ई-निविदा सुचना

**निविदा सूचना संख्याः सोला/क.वि./नि/2024/11R2.** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याती प्राप्त, अनुभवी और लसईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नामः** सोलापुर डिवीजन में ट्रामवे ओएचई को पारंपारिक ओएचई में बदलने का प्रस्ताव। (पुनर्निविदा). **कार्य की लागतः** ₹ 1,66,89,928.60. **बयाना राशिः** ₹ 2,33,000/-. **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 माह. **निविदा प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समयः दि.29.08.2025** को **15:00 बजे।**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.)
मरे, सोलापुर

Akar/Sur-55

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## रामगणेश गडकरी रंगायतन का नवीनीकरण का कार्य अंतिम चरण में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे मनपा के राम गणेश गडकरी रंगायतन का नवीनीकरण अब अंतिम चरण में है। रंगायतन जल्द ही दर्शकों के लिए खुलेगा। इससे पहले, बुधवार को वरिष्ठ कलाकारों, निमार्ताओं और पदाधिकारियों ने चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नवीनीकरण कार्य पर संतोष व्यक्त किया है और जल्द से जल्द इस मंच पर प्रयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, अखिल भारतीय नाट्य परिषद के अध्यक्ष प्रशांत दामले, वरिष्ठ निमार्ता और निर्देशक अशोक हांडे, निमार्ता दिलीप जाधव, निमार्ता प्रसाद कांबली, ठाणे के रंगमंचकर्मियों अभिनेता और निर्देशक मंगेश देसाई, निर्देशक विजू माने के साथ रंगायतन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त उमेश बिरारी, उपनगर अभियंता सुधीर गायकवाड़, शुभांगी केसवानी, कार्यपालक अभियंता भगवान शिंदे आदि उपस्थित थे। गडकरी रंगायतन में मंच, बैठक व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था, स्क्रीन, मंच के पीछे की ओर, सेट लाने की व्यवस्था, शौचालय आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए लिफ्ट की व्यवस्था का निर्णय सराहनीय है। साथ ही, आज के निरीक्षण में यह सुझाव दिया गया कि रंगायतन के भूतल पर नाटक देखने आने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैठने की व्यवस्था की जाए। साथ ही, पार्किंग व्यवस्था, रिहर्सल हॉल, टिकट खिड़की, नाटकों के पोस्टर प्रदर्शित करने के लिए स्थान का भी निरीक्षण किया गया। गडकरी रंगायतन का जीर्णोद्धार कार्य अंतिम चरण में है। पुराने ढांचे की सीमाओं को बनाए रखते हुए यथासंभव सुविधाएँ प्रदान करने का प्रयास किया गया है। आज हुए निरीक्षण के दौरान कलाकारों और निमार्ताओं द्वारा दिए गए सुझावों पर मनपा ने भी ध्यान दिया है। अपर आयुक्त संदीप मालवी ने स्पष्ट किया कि इस पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी और रंगमंच को जल्द से जल्द नाट्य प्रेमियों के लिए खोल दिया जाएगा।

## डॉ जितेंद्र आव्हाड के जन्मदिन पर मुंब्रा में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर , लैपटॉप व महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार के राष्ट्रीय महासचिव और मुंब्रा कलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र से विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड के जन्मदिन पर मुंब्रा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ठाणे शहर से लेकर मुंब्रा तक पूरा शहर उन्हें जन्मदिन की बधाई देने के लिए होर्डिंग्स और बैनरों से पाट दिया गया। मुंब्रा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और स्थानीय अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने कई सामाजिक कल्याणकारी कार्य किए। यहां दिव्यांगों को 6 व्हीलचेयर, 40 बैसाखियां, संकटग्रस्त महिलाओं को 7 सिलाई मशीनें, 2,000 , 2,000 कंपास बॉक्स, 2,000 स्कूल बैग तथा 12वीं व 10वीं के तीन विद्यार्थियों को कंप्यूटर व लैपटॉप, 10 अन्य टॉपरों को मोबाइल फोन, 300 गरीब व अनाथ विद्यार्थियों को 3,000 रुपये का चेक , 40 महिलाओं को ड्रेस, राशन वितरित किया गया। मुफ्त दंत जांच व उपचार, राशन कार्ड, वरिष्ठ नागरिक कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, दुरुस्ती कार्य किया गया। इसके अलावा शहर के शैक्षणिक और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े 7 लोगों को विधायक डॉ आव्हाड ने सम्मानित किया, जिनमें बीडीआईटी चेयरमैन शमीम अख्तर, डॉ. असदुल्लाह खान, पटेल उर्दू हाई स्कूल के ईओ उस्मानी सैखानी और सेवानिवृत्त शिक्षक इसराइल खान, सेवानिवृत्त शिक्षक सैयद जाहिद अली, हकीम अजमल खान अस्पताल की मेडिकल इंचार्ज डॉ. शर्मीन डेंगा और दिव्यांगों की सेवा करने वाले मुहम्मद यूसुफ फारुक खान समेत अन्य शामिल हैं। इसके अलावा दो शायर आलम नतामी और हाशिम फिरोजाबादी ने डॉ आव्हाड के जन्मदिन पर अपनी कविताएं सुनाईं। इसके साथ ही उनके जन्मदिन पर फिल्मी अंदाज में दो गाने बनाए गए, जिसमें शमीम खान के साथ



उनके वीडियो और फोटो फिल्माए गए है। जिसमें कहा गया कि जितेंद्र आव्हाड गरीबों और अल्पसंख्यकों की आवाज हैं मैं जन्मदिन मनाने में विश्वास नहीं रखता, इसलिए मैं उस दिन कार्यकताओं को केक और आतिशबाजी करने से मना करता हूं। उस दिन किए गए कल्याणकारी कार्यों को लोगों की दुआएं मिलती हैं। मैं यही चाहता हूं और बुरे वक्त में यही हमेशा मेरे काम आता है। वहीं स्थानीय अध्यक्ष शमीम खान ने कहा कि पिछले कई वर्षों से हम अपने नेता का जन्मदिन इसी सादगी भरे अंदाज में मनाते आ रहे हैं, शैक्षणिक और चिकित्सा सेवा करने वालों को प्रोत्साहित करते हैं, गरीबों की मदद करते हैं और छात्रों को प्रोत्साहन और पुरस्कार देते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ आव्हाड के प्रति लोगों बहुत प्रेम जिसका कारण लोग सुबह से ही उनके लिए बैठे हैं। पिछले चुनावों में भी हमने देखा कि लोगों ने बहुत प्रभावशाली वोटों से उनके प्रति अपना प्यार जताया था। इस दौरान एमआईएम से पूर्व नगरसेवक असलम अंसारी और कई पार्टियों के कार्यकर्ता डॉ आव्हाड के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस में प्रवेश किया। इस दौरान उनके साथी शोएब खान, इम्तियाज खान, मौलाना अजहर सिद्दीकी, मुफ्ती अशरफ, जावेद मेडकल, बबलू समनान, पूर्व नगरसेवक साजिद अंसारी, नफीस अंसारी, हीरा पाटिल, बलीराम टकले, गणेश मुंडे, आरिफ इराकी, अयाज बबलू, सोनू हाशमी, रफी मुल्ला, हंगामा आजमी, हाजी इशाक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

फास्ट ट्रैक

## महिला के घर से लाखों का सामान गायब

### अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सोने के जेवर और नगदी चुराया, पुलिस को दी सूचना

शाहजहांपुर, जनपद के तिलहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नितगंजा में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना मंगलवार रात की है जब पीड़ित महिला फौजिया पत्नी रेहान अपने मायके मोहल्ला मुस्तफाबाद गई हुई थीं। फौजिया मूल रूप से जनपद संभल की रहने वाली हैं। जब वह अपने घर लौटीं तो देखा कि मुख्य दरवाजा खोलने के बाद कमरे का ताला टूटा हुआ था और गैस सिलेंडर आंगन में रखा था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी के दरवाजे खुले थे। अलमारी से सोने की चेन, अंगूठी और एक गुल्लक गायब थी। गुल्लक में महिला पिछले पांच-छह महीनों से रोजाना पैसे जमा कर रही थीं। इसके अलावा अलग से रखे 35,000 रुपए भी चोर ले गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार तोमर से जब इस बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी होने से इनकार करते हुए जांच कराने की बात कही।



## ठाणे मनपा की 31वीं वर्षा मैराथन 10 अगस्त को - संदीप मालवी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे और पूरे महाराष्ट्र में प्रसिद्ध ठाणे नगर निगम की 31वीं वर्षा मैराथन इस वर्ष 10 अगस्त, 2025 को आयोजित की जाएगी। इस वर्ष भी, 21 किलोमीटर की पुरुष और महिला वर्ग तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में समय प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय धावकों के साथ 25 हजार से ज्यादा धावक दौड़ेंगे। अतिरिक्त आयुक्त प्रथम संदीप मालवी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों ,मनपा के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अधिक से अधिक नागरिकों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। नरेंद्र बल्लाल हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त उमेश बिरारी, मीनल पलांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता रविवार 10 अगस्त को सुबह 6.30 बजे मनपा मुख्यालय चौक से शुरू होगी। प्रतियोगिता 12 अलग-अलग ग्रुप में होगी। मैराथन प्रतियोगिता के लिए कुल 13860 ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन हुए हैं। ठाणे स्कूलों के छात्र प्रतियोगिता में भाग लेंगे और इन छात्रों के परिवहन के लिए परिवहन बसें उपलब्ध कराई गई हैं। प्रतियोगियों को समय पर प्रतियोगिता में पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए, रविवार, 10/08/2025 को सुबह 5.00 बजे बदलापुर से ठाणे और दोपहर 1.00 बजे ठाणे से बदलापुर के लिए एक ₹विशेष लोकल ट्रेन की सेवा₹ प्रदान की गई है। विजेताओं को कुल 10 लाख 38 हजार 900 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पहले तीन समूहों में प्रतियोगिता राज्य स्तरीय है, और 21 किमी समूह में पुरुष और महिला विजेताओं के लिए पहला पुरस्कार 1,00,000/-, दूसरा 75,000/-, तीसरा 50,000/- और चौथा 30,000/- है। इसके अलावा, 5 से 10 आयु वर्ग के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफी रखी गई हैं।

18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 10 किलोमीटर ओपन ग्रुप में प्रतियोगिता खारीगांव से महापालिका भवन होते हुए कोपरी तक होगी और प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय 20,0000, तृतीय 15,000/- , चतुर्थ 10,000/- है। 5 से 10 आयु वर्ग के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफी रखी गई हैं। 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों के लिए 10 किलोमीटर की प्रतियोगिता नगर भवन से शुरू होकर मिलेनियम टोयोटा पर समाप्त होगी। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 25,000 रुपये, द्वितीय 20,0000 रुपये, तृतीय 15,000 रुपये, चतुर्थ 10,000 रुपये है। 5 से 10 आयु वर्ग के विजेताओं के लिए 10,000 रुपये की पुरस्कार राशि और आकर्षक नकद पुरस्कार व ट्रॉफी भी रखी गई है।

15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की लड़कियों के लिए 10 किलोमीटर की प्रतियोगिता ( ओपन ग्रुप ) नगर निगम भवन से शुरू होकर हीरानंदानी एस्टेट पर समाप्त होगी। इस प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार 25,000 रुपये, दूसरा 20,000 रुपये, तीसरा 15,000 रुपये और चौथा 10,000 रुपये है। 5 से 10 आयु वर्ग के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफी भी रखी गई है।15 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के दो समूहों के लिए - 5 किलोमीटर की दूरी की प्रतियोगिता महापालिका भवन से शुरू होगी और यह प्रतियोगिता माँसाहेब मीनाताई ठाकरे चौक पर समाप्त होगी। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 8,000, द्वितीय 6,000, तृतीय 5,500, चतुर्थ 5,000, तथा 5 से 10 स्थानों के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफी रखी गई है।

12 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं के दो समूहों के लिए - 3 किमी दूरी की प्रतियोगिता और इन दोनों समूहों के प्रथम से चतुर्थ स्थान के विजेताओं के लिए क्रमशः प्रथम पुरस्कार 5,500, द्वितीय 5,000, तृतीय 4,500, चतुर्थ 3,500, तथा 5 से 10 स्थानों के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार और ट्रॉफी रखी गई है। इस समूह की प्रतियोगिता महापालिका भवन, पचपखड़ी से शुरू होकर वापस महापालिका भवन में समाप्त होगी।

उल्लेखनीय है कि ठाणे जिले में 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रतियोगिता के विजेताओं, पुरुष और महिला, को क्रमशः 5 हजार रुपये, 3 हजार रुपये, 10 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित लोगों द्वारा क्रमशः 2 हजार, मैराथन प्रतियोगिता का टीजर, मैराथन गीत, विभिन्न आयु समूहों के लिए अलग-अलग रंगों में टी-शर्ट, भोजन और चेस्ट नंबर जारी किए गए।

## प्रकृति की गोद से स्वादिष्ट जंगली सब्जियों का उत्सव ठाणे में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , हर वर्ष की तरह, महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका संवर्धन मिशन (UMED) के अंतर्गत ज़िला मिशन प्रबंधन प्रकोष्ठ, ठाणे द्वारा इस वर्ष भी 'जंगली सब्जी महोत्सव 2025-26' का आयोजन किया गया। यह महोत्सव आज, 6 अगस्त, 2025 को बी. जे. हाई स्कूल, टेंभी नाका, ठाणे में आयोजित किया गया। इस महोत्सव में ज़िले के विभिन्न पहाड़ी, दूरस्थ और वन क्षेत्रों में मानसून के दौरान प्राकृतिक रूप से उगने वाली औषधीय और लाभकारी जंगली सब्जियों का प्रदर्शन और विक्रय किया गया। इसके लिए ज़िले की ओर से कुल 50 स्टॉल लगाए गए, जिनमें स्वयं सहायता समूहों की 100 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस महोत्सव का उद्घाटन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने किया। इस अवसर पर मार्गदर्शन देते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने कहा, ₹जंगली सब्जी महोत्सव हमारी ग्रामीण संस्कृति, स्वस्थ जीवनशैली और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ाती है, जो सफलता का वास्तविक प्रमाण है। विभिन्न प्रकार की औषधीय और पारंपरिक जंगली सब्जियों ने इस महोत्सव को एक स्वास्थ्यवर्धक और सांस्कृतिक वैभव प्रदान किया। नागरिकों ने इस महोत्सव में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया क्योंकि इन जंगली सब्जियों में न केवल पौष्टिक गुण होते हैं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक और रोग-निवारक गुण भी होते हैं। इस अवसर पर परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य प्रशासन) अविनाश फड़तारे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्राम पंचायत) प्रमोद काले, जिला कृषि अधिकारी एम.एम. बछोटिकर, शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) देवीदास महाजन सहित कृषि विभाग के अधिकारी, जिला एवं तालुका मिशन प्रबंधन प्रकोष्ठ के




अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वीइस पहल के माध्यम से पारंपरिक जंगली सब्जियों के संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण महिलाओं की आय वृद्धि के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया गया। महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका संवर्धन मिशन (यूएमईडी) के अंतर्गत ऐसी पहलों के माध्यम से ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य को बल मिल रहा है।

## गंगा का जलस्तर घटा, पीड़ितों को राहत

### खतरे के निशान से 54 सेंटीमीटर ऊपर, प्रशासन अलर्ट; फसल नुकसान का होगा सर्वे

मिर्जापुर, मिर्जापुर में गंगा नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है। जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत मिली है। बुधवार सुबह 10 बजे गंगा का जलस्तर 78.270 मीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के निशान 77.724 मीटर से 54.60 सेंटीमीटर ऊपर है। जलस्तर में गिरावट की गति 2.5 सेंटीमीटर प्रति घंटा रही है। पिछले दो घंटों में कुल 5 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई है। 17 सितंबर 2024 को गंगा का अधिकतम जलस्तर 76.530 मीटर तक पहुंचा था। अब तक का सर्वोच्च बाढ़ स्तर 9 सितंबर 1978 को 80.34 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। गंगा का जलस्तर घट रहा है, लेकिन सहायक नदियों के जलस्तर में संभावित वृद्धि को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। चुनार और सदर तहसील क्षेत्र में विशेष निगरानी की जा रही है। पशुओं के टीकाकरण अभियान को तेज कर दिया गया है। इससे किसी भी तरह की पशु-बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सकेगा। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्यों के साथ पशुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। बाढ़ से प्रभावित किसानों के लिए भी प्रशासन सक्रिय है। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को जलभराव और बाढ़ से नष्ट हुई फसलों का सर्वे करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।



## अंबरनाथ में स्ट्रीट लाइटों में हुए भ्रष्टाचार के विरोध में 11 अगस्त को भाजपा जन आक्रोष मोर्चा निकालेगी

### नगरपालिका जनता के हितों के लिए कार्य करने में अक्षम है तो उसपर ताला लगा देना चाहिए- अभिजीत करुंजले पाटिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. भाजपा के अंबरनाथ विधानसभा संयोजक और कल्याण जिला सचिव अभिजीत गुलाबराव करंजुले पाटिल ने भाजपा जनसंपर्क कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बुधवार 6 अगस्त को पत्रकार परिषद में अंबरनाथ शहर में नगर नियोजन में हुए भ्रष्ट्राचार,अधूरे कंक्रीटिंग प्रोजेक्ट के कारण स्ट्रीट लाइट की दुर्व्यवस्था,इसके कारण बढ़ते हुए अपराध और तत्काल स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुचारू रूप से करने की मांग को लेकर आगामी 11 अगस्त को छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से लेकर नगरपालिका परिषद तक जन आक्रोश मोर्चा निकालने की बात उक्त




पत्रकार परिषद में कही है। शहर भाजपा पदाधिकारियों ने नपा प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जनहितकारी मुद्दों को लेकर विगत 21 जुलाई को भाजपा शहर इकाई ने नगर पालिका परिषद कार्यालय को इन मुद्दों पर कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपकर इसपर स्पष्टीकरण मांगा था और ऐसा न होने पर जनांदोलन की भी चेतावनी दी थी। लेकिन शहर का दुर्भाग्य और खेद का विषय है कि 15 दिनों से इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। अंबरनाथ शहर पूर्व और पश्चिम में सड़कों पर फैले अंधकार का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों द्वारा कोई आपराधिक घटना को अंजाम दिया जाता है तो भाजपा अंबरनाथ नपा मुख्याधिकारी के विरुद्ध जिम्मेदारी डालते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने को मजबूर होगी। पार्टी नेता अभिजीत करुंजले पाटिल ने तल्ख लहजे में कहा कि नगरपालिका के माध्यम से शहर की सड़कों पर जो स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था की जा रही है उसमें 90 प्रतिशत बंद है और जो 10 प्रतिशत चालू भी है तो वो बस जुगनू की तरह टिमटिमाती रहती हैं उनसे प्रकाश नाममात्र को रहता है। हम ऐसे गैरजिम्मेदार और भ्रष्ट ठेकदारों के विरुद्ध नपा मुख्याधिकारी से कार्यवाही करने की मांग भी विगत एक महीने से कर रहे थे। स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था में नपा अधिकारियों और भ्रष्ट ठेकदारों की मिलीभगत से एक बड़ा घोटाला हुआ है। उक्त परिस्थितियों में हम अंबरनाथकरों के हितों की पूर्ति के लिए और नागरिकों की मांग को नपा मुख्याधिकारी के समक्ष रखने और प्रशासन को जगाने के लिए 11 अगस्त को जन आक्रोष मोर्चा निकालने जा रहे हैं। यह मोर्चा साधारण मोर्चा नहीं होगा बल्कि निष्क्रिय और आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने वाली अंबरनाथ नगरपालिका को ताला लगाने वाला जनाक्रोश मोर्चा होगा। पत्रकार परिषद में अंबरनाथ पूर्व के शहर अध्यक्ष विश्वजीत करंजुले पाटिल, अंबरनाथ पश्चिम शहर अध्यक्ष लक्ष्मण पंत, प्रजेश तेलंगे, खांजी धल, राजू कुलकर्णी, अजीत खरात, महिला नेता रूपाली लट्ठे, दिलीप कड़से आदि नेता उपस्थित थे।

## टेबल फैन के करंट से पोते-दादा की मौत

### शाहजहांपुर में पंखा बंद करने गया था मासूम, बचाने गए बुजुर्ग को भी लगा झटका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र के अभायन गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। टेबल फैन से करंट लगने से 8 साल के बच्चे और उसके दादा की मौत हो गई। घटना के अनुसार, 8 वर्षीय राजकुमार कमरे के अंदर टेबल फैन बंद करने गया था। फैन में करंट आ रहा था जिससे बच्चा उसकी चपेट में आकर चिपक गया। जब 50 वर्षीय दादा जगदीश अपने पोते को बचाने गए, तो उन्हें भी करंट लग गया। परिजन दोनों को तुरंत मेडिकल कॉलेज लेकर आए। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। यह घटना बिजली के उपकरणों से होने वाले खतरों की ओर ध्यान दिलाती है। विशेषकर बरसात के मौसम में बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।




## पेंशनर्स एसोसिएशन की आपात बैठक

### शिक्षा विभाग से सेवा पुस्तिका मांगने और नोशनल इंक्रीमेंट पर जताई नाराजगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तिलहर में पेंशनर्स एसोसिएशन की आपात बैठक मोहल्ला निजामगंज में आयोजित की गई। इस बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने शिक्षा विभाग की नीतियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त अध्यापक चिमनलाल गंगवाल ने बताया कि शिक्षा विभाग सेवानिवृत्त शिक्षकों से सेवा काल पुस्तिका मांग रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तिका विभाग के पास ही सुरक्षित रहती है। फिर भी पेंशनर्स को परेशान करने की नीयत से उनसे इसे लाने को कहा जा रहा है। संगठन के मंत्री दयाराम यादव ने 12 जून 2024 को जारी शासनादेश पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को अगले



दिन से लागू होने वाली वेतन वृद्धि नहीं मिल रही है। उन्होंने मांग की कि पूर्व कर्मचारियों को जल्द ही नोशनल इंक्रीमेंट की सुविधा दी जाए। बैठक में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल अग्निहोत्री, हेतराम गंगवार, रामनारायण अवस्थी, राजेंद्र सिंह यादव, सुभाष शुक्ला, छेदा लाल, कामता प्रसाद और दिनेश सक्सेना सहित अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि शिक्षा विभाग को उचित निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने विभाग की इन नीतियों को पेंशनर्स के लिए परेशानी का कारण बताया है

## बाढ़ प्रभावित परिवारों को भेजा गया राहत शिविर, कराया भोजन

- एडीएम ने परखीं व्यवस्थाएं, खननौत नदी के जलस्तर बढ़ने की संभावना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, लगातार नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। खननौत नदी के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित दस परिवारों को एनटीआई राहत शिविर में पहुंचाया गया है। शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने एडीएम अरविंद कुमार समेत कई अधिकारी पहुंचे। उन्होंने अपने सामने पीड़ित परिवारों को भोजन कराया। खननौत नदी का जलस्तर तीन फुट और बढ़ने की संभावना जताई गई है। दो दिन पहले दियूनी बांध से 6500 क्यूसेक पानी गर्रा और खननौत नदी में छोड़ा गया था। हालांकि दोनों ही नदियां अभी खतरे के निशान से काफी नीचे हैं। छोड़े गए पानी से खननौत नदी का जलस्तर बढ़ गया है। तहसील क्षेत्र के लोधीपुर कालोनी में रहने वाले परिवार



बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने उनके लिए एनटीआई स्कूल को राहत शिविर बनाया है। वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। एडीएम अरविंद ने बताया कि कलान तहसील में 16 नावें, जलालाबाद में 12, सदर में पांच मोटर बोट और दस नावें मंगाई जा चुकी हैं। बाढ़ आने पर प्रभावित लोगों को बचाने के लिए पीएसी की एक टीम उपकरण के साथ तैनात है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने खुद खननौत नदी और अजीजगंज तटबंध का निरीक्षण किया है। उन्होंने नदी के करीब रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने और अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की अपील की है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान के सिंधु डेल्टा में पानी 80% घटा

## समुद्र का पानी भरने से जमीन खारी हुई; 12 लाख लोग बेघर हुए

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी सिंधु के डेल्टा में जिंदगी खत्म होने की कगार पर है। सिंधु का पानी ऊपरी इलाकों के नहरों और बांधों में रोक लिया गया है। इसकी वजह से सिंध प्रांत और डेल्टा क्षेत्र में पानी पहुंचना लगभग बंद हो गया है। 1950 के दशक से अब तक सिंधु डेल्टा में बहने वाले पानी में 80% की गिरावट आ चुकी है। दूसरी तरफ इसमें अरब सागर का खारा पानी घुस आया है। इससे यहां की जमीन खारी हो चुकी है। खेती बंद हो गई है। मछलियों की आबादी घटी है और झींगा-केकड़ों का जीवन संकट में है। डेल्टा में कभी 17 छोटी नदियां, दलदली जमीन, मैंग्रोव जंगल और मछलियों से भरे कीचड़ भरे मैदान थे। आज वहां की नमकीन मिट्टी



और जहरीला पानी रहने लायक नहीं बचा है। सिंध सरकार के मुताबिक, यहां 80% पानी पीने लायक नहीं है। समुद्र का खारा पानी अब जमीन के अंदर तक घुस गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो दशकों में अब तक 12 लाख से ज्यादा लोग डेल्टा छोड़कर कराची जैसे शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। पाकिस्तान फिशरफोक फोरम का कहना है कि तटीय इलाकों से हजारों मछुआरे परिवार विस्थापित हो चुके हैं। 54 साल के हबीबुल्लाह खट्टी ने अपना गांव को छोड़ दिया है। गांव छोड़ने से पहले उन्होंने अपनी मां की कब्र पर आखिरी सलाम किया।

कभी 40 गांवों वाले खारो चान इलाके में अब ज्यादातर गांव समंदर निगल चुका है। 1981 में इस इलाके के आबादी 26 हजार थी, जो 2023 में घटकर सिर्फ 11 हजार बची। सिंध प्रांत में फरवरी से ही सेव द इंडस रिवर मूवमेंट नामक गठबंधन ने विरोध शुरू कर दिया था।

इसमें पर्यावरण कार्यकर्ता, स्थानीय समुदाय, एनजीओ और पॉलिसी मेकर्स शामिल हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि ये नहरें सिंधु नदी का पानी ऊपर ही रोक देंगी, जिससे सिंध और खासकर इंडस डेल्टा में खेती का संकट खड़ा हो जाएगा। पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी सिंधु से पानी खींचकर 4 प्रांतों में 6 नहरें बनाई जा रही हैं। यह प्रोजेक्ट ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव के तहत चल रहा है।

इसकी लागत करीब 28 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपए है। इन नहरों से मिलने वाले पानी का इस्तेमाल रेगिस्तानी जमीनों को खेती योग्य बनाने में किया जाएगा।

यह पानी सिंधु नदी या उसके बैराजों से लिया जाएगा। इसमें सबसे बड़ी नहर पंजाब के चोलिस्तान रेगिस्तान में बनाई जाएगी।

# नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे का प्लान बनाया

## विरोध में उतरे आर्मी चीफ; कहा- सैन्य कार्रवाई से 20 बंधकों की जान को खतरा

एजेंसी



तेल अवीव, गाजा युद्ध शुरू होने के करीब दो साल बाद इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अब पूरे गाजा पर कब्जा करने की योजना (बिग गाजा प्लान) पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन, नेतन्याहू के इस बिग गाजा प्लान पर इजराइली सेना सहमत नहीं है। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने योजना पर आपत्ति जताई है। इससे इजराइली राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव और अधिक बढ़ गया है। जमीर ने चेतावनी दी है कि गाजा पर कब्जे की कोशिश से वहां बंधक 20 इजराइली नागरिकों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। जमीर के मुताबिक इससे इजराइल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा। फिलहाल गाजा के करीब 75% हिस्से पर इजराइली सेना का नियंत्रण है। अब नेतन्याहू संपूर्ण गाजा पर कब्जा चाहते हैं। नेतन्याहू के करीबी सहयोगियों ने बिग गाजा प्लान के खिलाफ जाने पर आर्मी चीफ जमीर का इस्तीफा मांगा है। गाजा युद्ध के दौरान इजराइली अधिकारियों ने पीएम नेतन्याहू के फैसलों पर सवाल उठाए हैं। आंतरिक खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख रॉनन बार को हटाने की नेतन्याहू की योजना कोर्ट ने रोक दी थी। आईडीएफ चीफ हर्शी हलेवी ने मार्च 2025 में इस्तीफा दे दिया था। नवंबर 2024 में तत्कालीन रक्षा मंत्री गैलेंट को नेतन्याहू ने विश्वास संकट का हवाला देकर हटा दिया था। नेतन्याहू अपने करीबी मंत्रियों के साथ गाजा पट्टी पर पूर्ण कब्जा करने की योजना का खुलासा कर चुके हैं। उनके के दो कट्टरपंथी सहयोगियों वित्त मंत्री बेजालेल स्मोटरिच और राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर गाजा पर सैन्य शासन के बाद उसके इजराइल में विलय की मांग कर रहे हैं। वे वहां यहूदी बस्तियों की बहाली की वकालत कर रहे हैं।

यूनिसेफ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि इजराइली बमबारी और मानवीय सहायता रोकने के चलते गाजा में हर दिन औसतन 28 फिलिस्तीनी बच्चों की मौत हो रही है। अक्टूबर 2023 से अब तक 18 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की मौतें बमबारी, कुपोषण और सहायता के अभाव से हो रही हैं। हालात इतने भयावह हैं कि बीते 24 घंटे में ही एक बच्चे सहित 8 लोग भुखमरी से मारे गए। अब तक 188 लोगों की भूख से मौत हुई, इनमें 94 बच्चे थे।

# टैरिफ विवाद, ट्रम्प बोले- ब्राजीली राष्ट्रपति जब चाहें, बात करें

## लूला दा सिल्वा का जवाब- उनसे नहीं, मोदी और जिनपिंग से चर्चा करना चाहूंगा

एजेंसी



ब्रासीलिया, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था, 'लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं।' लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा, 'मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।' अमेरिका ने ब्राजील पर 50% टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जाने पर विचार कर रहा है। लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रम्प से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवंबर में होने वाले सीओपी-30 क्लाइमेट समिट में ट्रम्प को न्योता जरूर भेजेंगे। अमेरिका ने हाल ही में ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाया है। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक यह टैरिफ पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते लगाया गया है। ट्रम्प ने बोल्सोनारो के खिलाफ कार्रवाई को विचहंट यानी बदले की कार्रवाई बताया है। बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव हारने के बाद तख्तापलट की साजिश रचने का आरोप है। इसके चलते अमेरिका और ब्राजील के बीच रिश्ते और बिगड़ गए हैं। बोल्सोनारो पर 8 जनवरी 2023 को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में हुए दंगों के लिए कथित रूप से तख्तापलट की कोशिश का आरोप है। ट्रम्प ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि ब्राजील में फ्री इलेक्शन पर हमला हो रहा है और अमेरिकी लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को कंट्रोल किया जा रहा है। इस वजह से 1 अगस्त 2025 से ब्राजील से अमेरिका आने वाले सभी उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो एक सम्मानित नेता हैं। उनके साथ जो व्यवहार किया, वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मनाक है। यह केस तुरंत खत्म होना चाहिए। उन्होंने ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बोल्सोनारो को अगले चुनाव में भाग लेने से रोकने और ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल और रंबल पर सेंसरशिप आदेशों का भी जिक्र किया। 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में बोल्सोनारो की हार के देश में कई जगह हिंसक प्रदर्शन हुए थे। बोल्सोनारो के समर्थकों ने सड़कें जाम कर दी थीं। करीब 267 सड़कों को प्रदर्शनकारियों ने ब्लॉक कर दिया था। ब्राजील में पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के चुनाव लड़ने पर 2030 तक के लिए बैन लगा हुआ है। जुलाई 2022 में बोल्सोनारो ने 8 विदेशी राजदूतों के साथ एक मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने ब्राजील की चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाते हुए धांधली के आरोप लगाए थे। तब कहा जा रहा था कि बोल्सोनारो ने फॉरेन एंबेसडरों के साथ हुई मीटिंग का इस्तेमाल साजिश के तहत संदेह पैदा करने के लिए किया। उन्होंने लोगों के मन में ये शक पैदा करने की कोशिश की कि 2022 के चुनावी नतीजों में धांधली होगी। इसके बाद बोल्सोनारो पर अपने पद और मीडिया का दुरुपयोग करने का आरोप लगा। आरोप पत्र में कहा गया कि बोल्सोनारो ने चुनाव में हार के बाद पावर का गलत इस्तेमाल करते हुए देश के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम पर शक पैदा किया।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- देश की आधे अफसर भ्रष्टाचारी

## पुर्तगाल में प्रॉपर्टी खरीदकर पाकिस्तान छोड़ने की तैयारी कर रहे

एजेंसी



इस्लामाबाद, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को देश की टॉप ब्यूरोक्रेसी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पर कहा कि पाकिस्तान के आधे से ज्यादा अफसर पुर्तगाल में संपत्ति खरीद चुके हैं और वहां की नागरिकता लेने की तैयारी कर रही है। आसिफ ने कहा- ये बड़े-बड़े नौकरशाह हैं, जो अरबों रुपए की भ्रष्टाचार करके आराम से रिटायरमेंट की जिंदगी जी रहे हैं। अफसरशाही हमारी जमीन को गंदा कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तानी पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार के करीबी एक सीनियर नौकरशाह को उसकी बेटी की शादी में 4 अरब पाकिस्तानी रुपए की सलामी (गिफ्ट) मिले थे। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स पुर्तगाल को कम जोखिम वाला देश मानता है। ब्रिटेन और वआए जैसे देशों पर सख्त निगरानी है, इसलिए पाकिस्तानी नौकरशाह पुर्तगाल को मनी लॉन्ड्रिंग के लिए सुरक्षित ठिकाना मानते हैं। पुर्तगाल के गोल्डन वीजा प्रोग्राम में इन्वेस्ट करने वालों को आसानी से नागरिकता मिल जाती है। इससे नौकरशाहों के देश छोड़ने का रास्ता आसान हो जाता है। भ्रष्टाचार से कमाए गई दौलत को लीगल दिखाने के लिए पाकिस्तानी नौकरशाह पुर्तगाल में संपत्ति खरीदते हैं। यह पैसा गल्फ-यूरोप लॉन्ड्रिंग कॉरिडोर के जरिए हवाला से भेजा जाता है। पाकिस्तान लंबे वक्त से भ्रष्टाचार से जूझता रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स (सीपीआई) में 180 देशों में पाकिस्तान की रैंकिंग 135 है। हर साल जारी होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया कि पाकिस्तान का सीपीआई स्कोर 2023 में 29 था, जो 2024 में 2 अंक गिरकर 27 हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, 180 देशों में भारत 96वीं, श्रीलंका 121वीं, बांग्लादेश 151वीं और चीन 76वीं रैंकिंग पर है।

# बेरोजगार नोयडा के युवक के बैंक खाते में आ गये 100 खरब से ज्यादा रुपये

## लड़का गिन नहीं पा रहा था रकम के शून्य




**एक अगस्त को, 20 वर्षीय दिलीप को एक संदेश मिला कि उनके बैंक खाते में 11.13 लाख करोड़ रुपये जमा हुए हैं। बेरोजगार दिलीप दौड़े-दौड़े अपने बैंक गए, जहां उन्हें बताया गया कि यह अप्रत्याशित धनराशि नावी यूपीआई ऐप में हुई गड़बड़ी के कारण जमा हुई और उनके खाते में अब भी एक भी पैसा नहीं है।**

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा के दनकौर के निवासी दिलीप उस समय हैरान रह गए जब उनके खाते में 14 अंकों की रकम जमा हो गई। हालांकि, उनकी यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं चली। एक अगस्त को, 20 वर्षीय दिलीप को एक संदेश मिला कि उनके बैंक खाते में 11.13 लाख करोड़ रुपये जमा हुए हैं। बेरोजगार दिलीप दौड़े-दौड़े अपने बैंक गए, जहां उन्हें बताया गया कि यह अप्रत्याशित धनराशि नावी यूपीआई ऐप में हुई गड़बड़ी के कारण जमा हुई और उनके खाते में अब भी एक भी पैसा नहीं है। दिलीप ने दो महीने पहले ही एक निजी बैंक में खाता खुलवाया था। उनके माता-पिता नहीं हैं। व्यक्ति द्वारा अपनी दिवंगत माँ के बैंक खाते में एक बड़ी रकम-एक ट्रिलियन रुपये जमा होने की खबर सामने आने के एक दिन बाद, कोटक महिंद्रा बैंक ने एक आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। अपने बयान में, बैंक ने ग्राहकों से कोटक मोबाइल ऐप या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अपने खाते के विवरण सत्यापित करने का आग्रह किया। बैंक ने इस बात पर भी जोर दिया कि उसके सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं, और इस दावे का खंडन किया कि इतनी बड़ी राशि किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण जमा हुई थी। बयान में कहा गया है, ′ग्राहक के खाते में असामान्य रूप से बड़ी राशि जमा होने की मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। इन रिपोर्टों के मद्देनजर, हम ग्राहकों को कोटक के मोबाइल बैंकिंग ऐप या नेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने खाते के विवरण की जाँच करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कोटक महिंद्रा बैंक पुष्टि करता है कि हमारे सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं, सभी सेवाएँ सुरक्षित और पूरी तरह से चालू हैं। ग्रेटर नोएडा के ऊँची दनकोर गाँव के निवासी दीपक ने दो महीने पहले अपनी माँ गायत्री देवी को खो दिया था। 3 अगस्त को, जब वह उनके कोटक महिंद्रा बैंक खाते की जाँच कर रहे थे, तो उन्हें 10,01,35,60,00,00,00,00,0 0,01,00,23,56,00,00,00,00, 299 रुपये जमा देखकर दंग रह गए, जो 11.13 लाख करोड़ रुपये (करीब 100 डुओडेसिलियन रुपये) से ज्यादा है।

# एसआईआर पर चर्चा की मांग पर अड़ा विपक्ष, मर्चेंट शिपिंग बिल लोकसभा में पास

## विपक्ष द्वारा बार-बार व्यवधान डाले जाने के कारण, दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मौजूद होने की मांग करते हुए हंगामा किया। वहीं, राज्यसभा में बुधवार को पूर्व सदस्य दिवंगत सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को नयी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।**



एजेंसी

बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष द्वारा बार-बार व्यवधान डाले जाने के कारण, दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। 21 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से, ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिनों की बहस को छोड़कर, कार्यवाही लगातार तीसरे सप्ताह बाधित रही है। इसके अलावा विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मौजूद होने की मांग करते हुए हंगामा किया। वहीं, राज्यसभा में बुधवार को पूर्व सदस्य दिवंगत सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को नयी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।

### लोकसभा की कार्यवाही


लोकसभा ने बुधवार को वाणिज्यिक जलपोतों के स्वामित्व की पात्रता मानदंडों का विस्तार करने और समुद्री दुर्घटनाओं की जांच व पूछताछ का प्रावधान करने वाले एक विधेयक को संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया। लोकसभा ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच ही वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और लोकसभा के कार्य संचालन और प्रक्रियाओं के नियमों एवं परिपाटी के तहत इस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आग्रह किया कि लोकसभा की कार्यसूची में सूचीबद्ध खेल से संबंधित दो विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के विचार के लिए भेजा जाए। विपक्षी दलों ने कहा कि ये विधेयक राष्ट्रीय महत्व के हैं और इन पर व्यापक सहमति की जरूरत है।

### राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा ने सदन में विपक्ष के विरोध के बीच समुद्री माल परिवहन विधेयक, 2025 पारित कर दिया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर तीस मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

# धर्म परम सत्य है, इसके पालन से लोगों को साहस, दृढ़ संकल्प प्राप्त करने में मदद मिलती है : भागवत

**दुनिया को ऐसे धर्म की आवश्यकता है जो हिंदू धर्म की तरह विविधताओं को समाहित करे। धर्म हमें अपनापन सिखाता है और विविधताओं को स्वीकार करने की अनुमति देता है।**



एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि धर्म परम सत्य है तथा जिम्मेदारी के साथ इस मार्ग पर चलने से समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखने में मदद मिलेगी। यहां धर्म जागरण न्यास के कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भागवत ने कहा कि धर्म का पालन और उसके प्रति प्रतिबद्ध रहने से लोगों को संकट के समय कोई रास्ता निकालने का साहस और दृढ़ संकल्प प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, यदि धर्म के प्रति आपकी प्रतिबद्धता दृढ़ है, तो आप कभी हिम्मत नहीं हारेंगे। सभी ने छावा (छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित) फिल्म देखी है। केवल बड़े नाम ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी धर्म के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए अपना बलिदान दिया है। भागवत ने कहा कि यह समाज की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि लोग धर्म के मार्ग से विचलित न हों। उन्होंने कहा, दुनिया को ऐसे धर्म की आवश्यकता है ।

# एनआरसी और एसआईआर को लेकर भाजपा पर बरसीं ममता बनर्जी

## बोलीं- डरने की कोई जरूरत नहीं है

**ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर की चल रही गतिविधियों के पीछे एनआरसी की साज़िश है। असम में लगभग सात लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिनमें हिंदू बंगाली भी शामिल हैं।**

एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) गतिविधि चलाने की भाजपा की मांग पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) केंद्रीय गृह मंत्री के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए तो वह अपनी आवाज उठाती रहेंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को झारग्राम में एक विरोध मार्च निकाला और भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, तो मैं पूरी दुनिया में विरोध करूँगी। मालपुआ (भाजपा नेता अमित मालवीय) मेरी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। चाहे आप मुझे गिरफ्तार करने आएं या गोली मार दें, मैं बंगाली भाषा के अपमान के खिलाफ विरोध करती रहूँगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह (एसआईआर) योजना केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई है, जिसमें



निर्वाचन आयोग को भी शामिल किया गया है। हम इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने तर्क दिया कि इस प्रक्रिया के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण-पत्र सुरक्षित रखना सभी के लिए संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल में एसआईआर लागू करने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगी। ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर की चल रही गतिविधियों के पीछे एनआरसी की साज़िश है। असम में लगभग सात लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिनमें हिंदू बंगाली भी शामिल हैं। कूचबिहार और अलीपुरद्वार में नोटिस भेजे जा रहे हैं और भारतीय निवासियों को बांग्लादेश भेजा जा रहा है। मतदाता सूची से एक भी नाम नहीं छूटना चाहिए। हमारे दो अधिकारियों को उनके निलंबन के संबंध में चुनाव आयोग से नोटिस मिला है। डरने की कोई जरूरत नहीं है। चुनाव में आठ-नौ महीने बाकी हैं, लेकिन भाजपा ने अभी से लोगों को निलंबित करना शुरू कर दिया है।

## संक्षेप

### बंधुआ कला के शिवालय पर भंडारे का आयोजन

**सावन माह में अखंड रामायण के बाद, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद**

सुलतानपुर, दूबेपुर के विकासखंड के बंधुआ कला स्थित बाबाजी के सगरा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गांव के मध्य स्थित शिवालय पर आयोजित इस भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन कमेटी के विशाल गुप्ता ने बताया कि इस शिवालय पर हर साल सावन मास में अखंड रामायण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा इसलिए निभाई जाती है क्योंकि इस माह में सैकड़ों ग्रामीण देश भर के शिव धामों से यात्रा करके लौटते हैं। ग्रामीणों का एक जत्था कावड़ यात्रा पर भी जाता है। सभी के वापस आने के बाद इस विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे के आयोजन में शामिल कार्यकताओं में भरपूर उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आकाश गुप्ता, रमेश कुमार बंसल, राकेश कुमार बंसल, पवन कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, रोहित सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, सुरेश शर्मा, रोहन कनौजिया, आदर्श जायसवाल समेत अन्य कई कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा।

### कपड़ा फेरी वाले को फ्रूटी में मिला जहर

**शक्श के बेहोश होने पर लुटे कीमती कपड़े, लागों ने कराया अस्पताल में भर्ती**

सुलतानपुर, जिले के अखण्डनगर थाना क्षेत्र में एक कपड़ा फेरी वाला जहर खुरानी का शिकार हो गया। अलीगढ़ के ढकनंला गांव निवासी राजकुमार सिंह उम्र लगभग 32वर्षीय बुधवार दोपहर को बीबीगंज, देवनगर क्षेत्र में मोटरसाइकिल से कपड़े बेच रहे थे। पीड़ित अपने अन्य साथियों के दोस्तपुर कस्बे में किराए का कमरा लेकर रहता है। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फ्रूटी में विषैला पदार्थ पिला दिया। राजकुमार के बेहोश होने के बाद आरोपी उनके कीमती कपड़े लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने बेहोशी की हालत में अपने साथियों को सूचना दी।

### दौरान वीएलओ कार्य से मुक्ति की मांग

**प्राथमिक शिक्षक संघ ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, बड़ी संख्या में शिक्षक रहे मौजूद**

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षक संघ ने चुनाव के दौरान वीएलओ (विलेज लेवल ऑफिसर) कार्य से मुक्त रखने की मांग की है। शिक्षकों ने सामूहिक रूप से उप जिलाधिकारी बल्दीराय के माध्यम से शासन और प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें विनोद यादव (उपाध्यक्ष), राम बहादुर मिश्र, अनिल यादव (उपाध्यक्ष), राम मगन वर्मा (संगठन मंत्री), हरिश्याम वर्मा (उपाध्यक्ष), विपिन कुमार सिंह (तहसील प्रभारी बल्दीराय) और राजबक्श मौर्य (उपाध्यक्ष बल्दीराय) प्रमुख रूप से शामिल थे।

# प्रयागराज के शहरी इलाकों में चल रहीं नावें

## नहीं थमा गंगा-यमुना का उफान, 40 गांवों में कई दिनों से अंधेरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, गंगा-यमुना की लहरों का उफान थमा नहीं है। शहर और गांवों में बाढ़ के हालात बरकरार हैं। नदियों का जलस्तर स्थित हो रहा है। हालांकि, शहर के 10 मुहल्ले में एक मंजिल मकान पूरी तरह डूबे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, क्यूआरटी, बाढ़ चौकी टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। शहर के छोटा बघाड़ा, बड़ा बघाड़ा, बक्शी बांध, सलोरी, राजापुर नेवादा, दारागंज, सदियापुर, करेलाबाग, शुक्ला मार्केट, बक्शी, बंधवा, शिवकुटी आदि इलाकों में नावें चल रही हैं। इन इलाकों में प्रशासन के साथ ही राजनीतिक दलों के नेता, छात्र संगठन समेत अन्य समाजसेवी खाने-पीने का सामान, दवाएं और जरूरत की चीजें पहुंचा रहे हैं। शहर के 10 से ज्यादा इलाकों में 100 से अधिक नावों से राहत पहुंचाई जा रही है। बलुआघाट बारादरी और उससे जुड़े 12 मुहल्लों में अभी भी पानी भरा है। थरवई, फाफामऊ इलाकों में उपकेंद्र में पानी भर जाने से 40 गांवों में कई दिनों से बिजली नहीं आई। गंगापार और यमुनापार के नैनी, अरैल, यमुना ब्रिज, छतनाग, बरदा, सुनौटी, झूंसी, गारापुर, पूर्वा, पूरा सूरदास, कजरिया, ढोल बजवा, कोहना, मुंशी का पूरा, विश्वकर्मा मार्केट, फाफामऊ, मनसईता, बहमलपुर, नवाबगंज आदि गांवों में पानी भरा है। शहर और देहात क्षेत्रों में बनाए गए राहत शिविरों में करीब 10 हजार लोग पनाह लिए हुए हैं।

रेस्क्यू टीम रोज दो से तीन हजार लोगों को राहत शिविरों में पहुंचा रही है। शहर के जिन इलाकों में पानी भरा है, वहां ज्यादातर प्रतियोगी छात्र रहते हैं। घनी आबादी वाले इन इलाकों में अभी सैकड़ों परिवार छतों पर सामान रखे घरों में रुके हुए हैं।

# अपार्टमेंट के नीचे पड़ा मिला युवक का शव

## वसुधा बिहार कॉलोनी के अंदर मिली बॉडी, हत्या या आत्महत्या के एंगल से जांच

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, धूमनगंज थाना क्षेत्र स्थित कालिंदीपुरम की बहु मंजिला वसुधा बिहार अपार्टमेंट में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9:30 बजे एक बच्चा साइकिल चला रहा था, तभी उसने परिसर के अंदर शव को पड़ा देखा। इस सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर धूमनगंज थाना पुलिस पहुंची और क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और शव के आसपास से साइंटिफिक एविडेंस इकट्ठा करने का काम शुरू कर दिया है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष आंकी जा रही है, हालांकि उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और स्थानीय लोगों से पूछताछ में जुटी हुई है। सोसाइटी के लोगों का कहना है कि मृतक व्यक्ति यहां का निवासी नहीं है और पहले कभी सोसाइटी में नहीं देखा गया। वहीं शव की हालत और शरीर पर मौजूद गंभीर चोटों के निशान इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि व्यक्ति की हत्या कर उसे ऊपर से फेंका गया हो सकता है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि मृतक को जानबूझकर बहुमंजिला इमारत से नीचे गिराया गया है। डीसीपी सिटी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

हत्या या आत्महत्या अथवा एक्सीडेंट के कोण से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट और पोस्टमॉर्टम के बाद ही मृत्यु के कारणों की सही जानकारी मिल सकेगी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तह तक जाने की कोशिश कर रही है।

# बारिश से सार्वजनिक रास्तों पर जलभराव

- स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी, प्रशासन से जल्द समाधान की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, लगातार हो रही बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों का बुरा हाल है। गांव में जाने वाले मार्गों पर जलभराव के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुसाफिरखाना क्षेत्र के ब्लॉक अंतर्गत स्थित जाखा शिवपुर मजरे पूरे गुलाम हैदर गांव की स्थिति चिंताजनक है। अलीगंज को जाने वाली संपर्क मार्ग से जुड़ी पूरे गुलाम हैदर गांव की सड़क बदहाल है। जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ होने से ग्रामीणों और विशेषकर स्कूली बच्चों का चलना मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों के लिए यह रास्ता बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। एकजुट ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि इससे उन्हें रोजाना की परेशानी से राहत मिलेगी।

# शौचालय निर्माण में गड़बड़ी की जांच

## सुलतानपुर के खारा गांव में पहुंची जिला लेखा अधिकारी की टीम, दस्तावेजों की जांच की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, धनपतगंज में ग्राम पंचायत खारा में शौचालय निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत पर प्रशासन सक्रिय हो गया है। बुधवार को जिला लेखा अधिकारी के नेतृत्व में एक जांच टीम गांव पहुंची। टीम ने पंचायत भवन में दस्तावेजों की जांच की और लाभार्थियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की। शिकायतकर्ता शिवशंकर गुप्ता ने आरोप लगाया है कि तत्कालीन ग्राम प्रधान ने विभाग को 558 शौचालयों की सूची दी थी। इनमें से कई शौचालयों का निर्माण नहीं हुआ। कई लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की धनराशि भी नहीं मिली। इस प्रकार बड़ी राशि का गबन किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए भौतिक सत्यापन के लिए एक संयुक्त टीम बनाई जाएगी। इस टीम में जिला और ब्लॉक स्तर के कर्मचारी शामिल होंगे।

यह टीम गांव में जाकर शौचालयों की वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी। फिर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपेगी। जांच के दौरान वर्तमान ग्राम प्रधान दिव्यराज सिंह भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने जांच टीम को अपनी शिकायतें सौंपीं और निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सही जांच होने पर बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है। पंचायत भवन में हुई जांच प्रक्रिया के दौरान जिला सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह, पंचायत सचिव शत्रुघ्न पांडेय, एडीओ पंचायत कुशवाहा उपस्थित थे। पूर्व ग्राम प्रधान उमा शुक्ला की प्रतिनिधि प्रगति शुक्ला, वर्तमान प्रधान दिव्यराज सिंह और कई लाभार्थी भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी वहां एकत्रित हुए थे।

# अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर गड्ढा मुक्त हुई सड़क

- टिकरी गांव के पास लंबे समय से था गड्ढा, पीडब्ल्यूडी ने किया मरम्मत कार्य

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर टिकरी गांव के समीप लंबे समय से मौजूद गहरे गड्ढे को बुधवार को ठीक कर दिया गया। इस गड्ढे के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी बुधवार सुबह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क की मरम्मत कर आवागमन के लिए सुचारु बना दिया। इस गड्ढे के कारण अक्सर वाहन अनियंत्रित हो जाते थे। राहगीरों ने इसकी सूचना पहले ही स्थानीय पीडब्ल्यूडी कर्मियों को दे दी थी। विभाग के कर्मी जगदीश ने बताया कि बारिश के मौसम में सड़कों पर नियमित रूप से कर्मियों का दौरा होता रहता है। उन्होंने कहा कि जहां भी कमी पाई जाती है, उसे तुरंत ठीक कराया जाता है। इस मरम्मत कार्य से क्षेत्र के निवासियों और यात्रियों को राहत मिली है। अब वाहन चालक बिना किसी परेशानी के इस मार्ग से आवागमन कर सकते हैं।

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

## सेविंग ब्लेड के रैपर से पुलिस ने सुलझाया केस, घर के पास मिला था खून से लथपथ शव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, महिला की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया गया है। जामो थाना क्षेत्र के फत्ते का पुरवा मजरे पूरब गौरा गांव में 31 जुलाई की रात एक महिला की ब्लेड से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। मृतका इलाइची देवी (45) का शव उसके घर से लगभग 500 मीटर दूर खेत में मिला था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल से मिले सेविंग ब्लेड के रैपर के आधार पर हत्यारे तक पहुंचने में सफलता हासिल की। जांच के दौरान, गौरा चौराहे के दुकानदार सुशील कुमार ने बताया कि घटना वाले दिन शाम को मृतका के पति दादू मंगता ने उनकी दुकान से पान, सुपारी के साथ वही ब्लेड खरीदा था। इसके अलावा, पड़ोसी धर्मेन्द्र मंगता ने पुलिस को बताया कि घटना की रात उन्होंने देखा था कि इलाइची आगे-आगे जा रही थी और दादू उसे रोकने का प्रयास कर रहा था। दादू ने पुलिस को झूठी जानकारी दी थी कि उसकी पत्नी शाम 5 बजे वारिसगंज बाजार गई थी और वापस नहीं लौटी। लेकिन आसपास के सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों से स्पष्ट हो गया कि मृतका बाजार गई ही नहीं थी। वह उस शाम कबाड़ बेचकर पैसे लेकर घर आ गई थी। पत्नी के व्यवहार से आहत होकर दादू ने ब्लेड से उसका गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत

## छर्रा बाजार में हुआ हादसा, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़ , यूपी के जिला अलीगढ़ के थाना छर्रा इलाके में एक अधेड़ व्यक्ति को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जुट गई।

सूचना पर इलाका पुलिस के अलावा मृतक के परिजन मौके पर आ गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, छर्रा थाना इलाके के गांव सुनपहर के रहने वाले 45 वर्षीय कब्बू तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनसे बड़े अनीश और हीरा हैं। कब्बू की शादी नहीं हुई है। भतीजे मोहम्मद चांद ने बताया कि चाचा कब्बू मेहनत मजदूरी करते थे। उनका खाना पीना हमारे यही होता था। वो कभी एक जगह नही रुकते थे। कभी कहीं रिश्तेदार के यहां तो कभी किसी रिश्तेदार के घर चले जाते थे। आगे बताया कि वह छर्रा बाजार कुछ सामान खरीदने गए थे। तभी छर्रा के अतरौली रोड स्थित बिजली घर के पास ट्रक ने उनको रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। उनके साथ बाजार गए गांव के अन्य लोगो से हादसे की खबर मिली। इसके बाद परिवार के सदस्य मौके पर आए।

पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव सौंप दिया। मिट्टी लगाने के बाद मामले में पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# एनडीपीएस मामले में युवक को मिली 10 साल की सजा

## मथुरा जीआरपी ने नशा तस्कर को पकड़ा, कोर्ट ने एक लाख का जुमार्ना भी लगाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, रेलवे पुलिस को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान में बड़ी सफलता मिली है। जीआरपी मथुरा जंक्शन और अभियोजन टीम की मजबूत पैरवी के चलते कोर्ट ने नशे के आरोपी अफरोज उर्फ इलियास आरिफ को 10 साल की कठोर कैद और एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने की स्थिति में उसे 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अपर सत्र न्यायाधीश-7 (एनडीपीएस) की अदालत ने यह फैसला सुनाया। आरोपी अफरोज उर्फ इलियास आरिफ, मूल रूप से गौतमबुद्धनगर के मंशावली का रहने वाला है और इन दिनों ओखला, दिल्ली में रह रहा था। उसके खिलाफ वर्ष 2023 में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21/22 में मुकदमा दर्ज किया गया था। केस संख्या 351/23 और न्यायालय केस संख्या 59/24 के तहत उसे गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में लाया गया था। रेलवे पुलिस का विशेष ऑपरेशन कनविक्शन अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार, रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से रेलवे पुलिस महानिदेशक के आदेश पर ऑपरेशन कनविक्शन अभियान चलाया जा रहा है।

# अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

## धनपतगंज पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी को जेल भेजा गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, धनपतगंज में पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस ने ग्राम मड़ना निवासी आशीष कुमार पांडेय को एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक कारतूस के साथ पकड़ा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देश पर की गई। अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी बल्दीराय का पर्यवेक्षण रहा।

# पत्नी की हत्या का खुलासा

## पति ने ब्लेड से काटा गला, प्रयुक्त ब्लेड भी बरामद; आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, थाना जामो क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त ब्लेड भी बरामद कर लिया है। घटना ग्राम फत्ते का पुरवा मजरे पूरब गौरा की है। पुलिस को एक महिला के शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतका की पहचान इलाइची देवी (45) पत्नी दादू मंगता के रूप में हुई। फील्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलन किया गया और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। मृतका के पति दादू मंगता की तहरीर पर थाना जामो में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पति को ही हत्यारा पाया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका पत्नी से विवाद हो गया था। पत्नी उसकी बात नहीं मान रही थी और डेरे से बाहर जाने लगी। आरोपी ने बताया कि उसने पत्नी को गिराकर उसके सीने पर घुटना रख दिया, जिससे वह बेहोश हो गई।

फिर उसने जेब में रखी ब्लेड से उसका गला काट दिया। उसने सीने को घुटने से दबाए रखा जिससे वह हिलना-डुलना बंद हो गई।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी